

# दैनिक क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924


प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -304 जबलपुर, शुक्रवार 03 जनवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा-अमित शाह

### बोले- हम अपनी संस्कृति के कारण जुड़े हुए हैं



नई दिल्ली-(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख द एजेस पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए। शाह ने इस दौरान कहा कि हमारे देश के हर कोने का इतिहास हजारों साल पुराना है, जहां दुनिया की सभ्यताओं को कुछ न कुछ देने के लिए काम किये गये। उन्होंने कहा कि परतंत्रता के समय हमें यह भूलाने का प्रयास किया गया। एक मिथक प्रचारित किया गया कि यह राष्ट्र कभी एकजुट नहीं था और स्वतंत्रता का विचार बेमानी था। बहुत से लोगों ने इस झूठ को स्वीकार भी किया। शाह ने आगे कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान इतिहास में लिखी गई हमारे देश की परिभाषा उनकी जानकारी की कमी के कारण गलत थी। विश्व के सभी राष्ट्रों का अस्तित्व भू-राजनीतिक है। वे युद्ध या समझौते के परिणामस्वरूप सीमाओं द्वारा बनते हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो भू-सांस्कृतिक देश है और संस्कृति के कारण ही सीमाएँ निर्धारित होती हैं। कश्मीर से कन्याकुमारी तक, गांधार से ओडिशा तक और बंगाल से असम तक, हम अपनी संस्कृति के कारण जुड़े हुए हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जो लोग किसी देश को किसी भू-राजनीतिक चीज़ के रूप में परिभाषित करते हैं, वे हमारे देश को परिभाषित नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि भारत को समझने के लिए हमारे देश को जोड़ने वाले तथ्यों को समझना होगा। कश्मीर और लद्दाख कहां थे, इस आधार पर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर विश्लेषण करना कि इस पर किसने शासन किया, कौन रहते थे और कौन-कौन से समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, व्यर्थ है और केवल इतिहास की कुटिल दृष्टि वाले इतिहासकार ही ऐसा कर सकते हैं। भाजपा नेता ने कहा कि भारत की सभी क्षेत्रों में फैली 10,000 साल पुरानी संस्कृति कश्मीर में भी मौजूद थी। जब 8000 साल पुरानी किताबों में कश्मीर और झेलम का जिक्र होता है तो कश्मीर किसका है, इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। इसे कोई भी कानून की धाराओं का इस्तेमाल कर अलग नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि कानून का उपयोग करके इसे अलग करने का प्रयास किया गया लेकिन समय के प्रवाह में वे धाराएँ निरस्त कर दी गईं और सभी बाधाएँ दूर हो गईं।

## कुएं में डूबने से झारखंड में पांच लोगों की मौत

रांची-दुनिया भर में आज नया साल के आगमन को लेकर एक तरफ लोग जश्न मनाने में लगे हुए हैं .वही झारखंड प्रदेश के हजारीबाग जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है. जिसमें नूतन वर्ष 2025के पहले दिन पांच लोगों के कुएं में डूबकर मरने की खबर से इस इलाके में सनसनी फैली गई है. हर कोई इस हादसे से हैरान है. घटना हजारीबाग जिले के चुरचू प्रखंड स्थित सड़वाहा गांव की है. इन मौतों के पीछे की वजह पति-पत्नी का झगड़ा निकलकर सामने आ रहा है. इस संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़वाहा गांव के सुंदर का अपनी पत्नी रूपा से झगड़ा रहता था. नये साल पर फिर इन लोगों के बीच किसी मामले को लेकर विवाद हुआ.

## सौरभ शर्मा प्रकरण के बाद सरकार बड़ा एक्शन... डीपी गुप्ता को हटाया, विवेक शर्मा बने नए परिवहन आयुक्त



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा व करीबियों के यहां लोकायुक्त छापे में लगभग 100 करोड़ रुपये की संपत्ति मिलने के बाद सरकार ने परिवहन आयुक्त डीपी गुप्ता को हटा दिया है। उन्हें पुलिस मुख्यालय में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) पदस्थ किया है। उनकी जगह 1998 बैच के आइपीएस एडीजी (योजना) विवेक शर्मा को परिवहन आयुक्त बनाया है। एडीजी प्रबंध योगेश चौधरी को योजना का अतिरिक्त प्रभार दिया है।

गृह विभाग ने गुरुवार को इसके आदेश जारी कर दिए हैं। सौरभ शर्मा मामले में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का यह पहला बड़ा कदम है। कुछ और अधिकारियों को हटाने और विभागीय जांच की कार्रवाई हो सकती है। इस छापे के बाद कांग्रेस ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सरकार को घेरा था। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भ्रष्टाचार को लेकर कुछ लोगों पर नामजद आरोप लगाए थे। ऐसे में सरकार ने गुप्ता हटा दिया है। चार फरवरी 2024 को डीपी गुप्ता को परिवहन आयुक्त बनाया गया था। सात फरवरी को एक अन्य एडीजी उमेश जोगा को अतिरिक्त परिवहन आयुक्त बनाया था। सात अक्टूबर को जोगा को हटाकर आइजी उज्जैन रेंज बनाया गया।

छापे में ऐसे परिवहन विभाग आया घेरे में सौरभ शर्मा जून 2023 तक परिवहन विभाग में पदस्थ था। इसके बाद उसने त्याग पत्र दे दिया था, लेकिन परिवहन विभाग में उसकी सक्रियता पहले जैसी ही थी।

### अब न्यूयॉर्क के क्लब में फायरिंग, 11 लोगों को लगी गोली

## 24 घंटे में अमेरिका में तीसरा बड़ा हमला



वाशिंगटन (आरएनएस)। नए साल के शुरू में ही अमेरिकी में तीन स्थानों पर हमले की सूचना है। तीनों हमलों में आतंकी एंगल से जांच की जा रही है। तीसरे हमला न्यूयॉर्क में हुआ। यहां के क्वीन्स एयर स्थित एक नाइट क्लब में फायरिंग कर दी। यहां 11 लोगों को गोली लगी है। हमलावर फरार बताया गया है। इससे पहले साल के पहले दिन न्यू ऑरलियन्स में हुई जहां नए साल का जश्न मना रहे लोगों पर एक पिकअप ट्रक चढ़ा दिया, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई। वहीं लास वेगास में हुई जहां डोनाल्ड ट्रम्प के ऑफिस के होटल के बाहर खड़े टेस्ला साइबरट्रक में विस्फोट हुआ। इससे पहले साल के पहले दिन अमेरिका में दो बड़ी घटनाएं हो गईं। पहली घटना न्यू ऑरलियन्स में हुई जहां नए साल का जश्न मना रहे लोगों पर एक पिकअप ट्रक चढ़ा दिया, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई है और 30 अन्य घायल हैं। बाद में हमलावर को भी मार गिराया गया। दूसरी घटना लास वेगास में हुई जहां डोनाल्ड ट्रम्प के ऑफिस के होटल के बाहर खड़े टेस्ला साइबरट्रक में विस्फोट हुआ। यहां एक शख्स की मौत हो गई। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने आतंकी हमले की आशंका जताई है। एफबीआई को जांच सौंपी गई है।फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने अमेरिका में हुए दोनों हमलों की जांच शुरू कर दी है। एफबीआई ने बताया है कि शम्सुद्दीन जब्बार अमेरिकी सेना के पूर्व जवान के रूप में की गई है।। उसने अफगानिस्तान में सेवा दी थी। उसने जिन ट्रक से लोगों को रौंदा, उस पर आईएसआईएस का झंडा था। जांच एजेंसी को आशंका है कि उसने दूसरों की सहायता से नरसंहार को अंजाम दिया हो। नए साल के दिन व्यस्त फ्रांसीसी क्वार्टर में हुई इस घटना में 15 लोगों की मौत हो गई के बाद एफबीआई इसे आतंकवादी हमले के रूप में जांच कर रही है। शम्सुद्दीन जब्बार ने पहले भीड़ पर हमला किया

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा- 40 साल से कचरे के साथ जी रहे थे भोपाल के लोग, वैज्ञानिक कर रहे इसे नष्ट




भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा जलाए जाने को लेकर मीडियो से बात की। उन्होंने कहा कि रासायनिक कचरे का निष्पादन वैज्ञानियों से ही कराया जा रहा है। इसमें सभी मानकों का पालन हो रहा है। जनप्रतिनिधियों के साथ आज तीन बजे प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बैठक करेंगे और सभी शंकाओं का समाधान करेंगे। कचरा जलाने से ना तो पर्यावरण कोई कोई नुकसान होगा और ना ही भूजल प्रभावित होगा। समस्त अध्ययन के बाद ही कार्रवाई की जा रही है।

कांग्रेस द्वारा उठाई जा रही आपत्तियों पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पीथमपुर को लेकर आवाज उठा रहे हैं और भोपाल को लेकर अभी तक कोई बात नहीं की। दोमुही कांग्रेसी करते हैं। यह राजनीति का विषय नहीं है। भोपालवासी 40 वर्ष से इस कचरे के साथ जी रहे थे। हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन कर रहे हैं।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जिस कचरे को हम पीथमपुर में जलाने जा रहे है उसका पहले भी ड्राई रन कर चुके है। इसकी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में जमा की थी, उसी रिपोर्ट के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने इस कचरे को नष्ट करने के निर्देश हमें दिए थे। इसमें यह साफ कर दिया गया था कि इस कचरे के जलने से पर्यावरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अगस्त 2015 में यूनियन कार्बाइड का कचरा जलाने का ट्रायल रन किया गया था। परीक्षण में जो रिपोर्ट आई है उसके मुताबिक कचरा जलाने से वातावरण में किसी तरह का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस रिपोर्ट के बाद हाईकोर्ट ने हमें कचरा जलाने के लिए निर्देशित किया है।

### पीथमपुर में कड़ी सुरक्षा के बीच आज से जलाया जाएगा यूनियन कार्बाइड का कचरा




पीथमपुर, धार (आरएनएस)। भोपाल से यूनियन कार्बाइड का 337 जहरीला कचरा लेकर 12 कंटेनर गुरुवार अल सुबह पीथमपुर की रामकी कंपनी पहुंचे। आज से ही कचरे को जलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्थानीय आमजन के विरोध के चलते यहां कड़ी सुरक्षा इंतजाम के बीच यह प्रक्रिया वैज्ञानिक तरीके से अंजाम दी जा रही है। इधर पीथमपुर बस स्टैंड पर बड़ी संख्या में लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। परीक्षण के तौर पर पहले 90 किलोग्राम, 180 किलोग्राम और फिर 270 किलोग्राम कचरे को भस्मक में जलाकर देखा जाएगा। इस दौरान विज्ञानियों द्वारा जो मात्रा उचित निष्पादन के लिए मान्य होगी, उसी के आधार पर इसे जलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया में करीब तीन दिन का समय लगेगा। बता दें कि पीथमपुर स्थित भस्मक में 13 अगस्त 2015 को भी यूनियन कार्बाइड से 10 टन जहरीले कचरा निस्पादन के लिए भेजा गया था। तब परीक्षण के तौर पर तीन दिन जलाया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रायल रन के दौरान भस्मक में हर घंटे 90 किलो कचरा जलाया गया था। इसी ट्रायल रन रिपोर्ट के आधार पर उच्च न्यायालय ने जहरीले कचरे का निपटान पीथमपुर में करने के निर्देश दिए हैं।

## आरिफ मोहम्मद खान बने बिहार के नए गवर्नर

### पटना के चीफ जस्टिस ने दिलाई शपथ, नीतीश भी रहे मौजूद



पटना (आरएनएस)। आरिफ मोहम्मद खान ने गुरुवार को राजभवन में एक समारोह के दौरान बिहार के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन ने खान को पद की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अलावा राज्य के अन्य मंत्री और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। खान ने राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर का स्थान लिया, जिन्हें केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

शपथ के बाद खान ने कहा कि मैंने अभी शपथ ली है। बिहार का गौरवशाली इतिहास है और बिहार के लोगों में बहुत क्षमता है - वे देश की पूरी व्यवस्था चला रहे हैं। वहीं, शपथ समारोह से पहले आरिफ मोहम्मद खान ने बांस घाट पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि ये वही लोग थे जिनके कारण देश को आजादी मिली। इसलिए इन्हें याद रखना जरूरी है। सोमवार को पटना पहुंचने के बाद खान ने हवाईअड्डे पर पत्रकारों से कहा था कि वह राज्य की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं बिहार के गौरवशाली इतिहास को जानता हूं। इसका मुझ पर प्रभाव पड़ता है। मैं राज्य की विरासत और गौरवशाली परंपरा के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का प्रयास करूंगा।

## शिवराज सिंह चौहान पर क्यों भड़की दिल्ली सीएम आतिशी

### 'ऐसा लग रहा है जैसे दाऊद इब्राहिम अहिंसा का प्रवचन दे रहा हो'

नई दिल्ली ।(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान किसी भी समय हो सकता है। इससे पहले ही सियासी घमासान जारी है। ताजा खबर किसानों के मुद्दे पर है। दरअसल, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के मुद्दे पर एक चिट्ठी लिखी थी और आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाया था कि उसने किसानों के लिए कुछ नहीं किया।

शिवराज की चिट्ठी पर दिल्ली की सीएम आतिशी ने जवाब दिया। आतिशी ने कहा कि भाजपा ने किसानों को सिर्फ धोखा दिया है। यह पार्टी जब किसानों की बात करती है, तो लगता है कि दाऊद इब्राहिम अहिंसा पर प्रवचन दे रहा हो। किसानों के मुद्दे पर दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने भी एक्स पर पोस्ट किया। लिखा - पंजाब में किसान कई दिनों से धरने और अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे हैं। इनकी वही मांगे हैं जो केंद्र सरकार ने तीन साल पहले मान ली थी लेकिन अभी तक लागू नहीं की।

केजरीवाल ने आगे लिखा - बीजेपी सरकार अब अपने वादे से मुकर गई। बीजेपी सरकार किसानों से बात तक नहीं कर रही।



### दिल्ली सरकार ने किसानों के साथ किया धोखा-शिवराज सिंह चौहान

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली की आप सरकार पर किसानों के कल्याण की अनदेखी करने का आरोप लगाया। इसको लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र भी लिखा है जिसमें मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में लोग केंद्र द्वारा योजनाओं के कार्यान्वयन न होने से परेशान और चिंतित हैं। शिवराज ने पत्र में कहा कि मैं बहुत दु:ख के साथ आपको यह पत्र लिख रहा हूँ। आपने कभी भी दिल्ली में किसानों के हित में उचित निर्णय नहीं लिए। केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को भी आपकी सरकार ने दिल्ली में लागू होने से रोक दिया है। भाजपा नेता ने आगे कहा कि आपकी सरकार को किसानों से कोई सहानुभूति नहीं है। आज दिल्ली के किसान परेशान और चिंतित हैं। केंद्र की कई किसान कल्याण योजनाओं को दिल्ली सरकार द्वारा लागू न करने के कारण किसान भाई-बहन इन योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी आपको पत्र लिखकर दिल्ली के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया था, लेकिन चिंता की बात है कि आपकी सरकार ने इन समस्याओं का समाधान नहीं किया

## पीएम मोदी ने फर्टिलाइजर कंपनियों के लिए विशेष पैकेज को दी मंजूरी, सस्ते मिलेंगे खाद



नई दिल्ली.(आरएनएस)। नए साल की शुरुआत में मोदी सरकार ने किसानों और फर्टिलाइजर कंपनियों के लिए बड़ा तोहफा दिया है। पहली कैबिनेट बैठक में, सरकार ने 3850 करोड़ रुपये के विशेष प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी दी है, जो डाइ-अमोनियम फॉस्फेट फर्टिलाइजर बनाने वाली कंपनियों के लिए है। यह पैकेज 31 दिसंबर 2025 तक लागू रहेगा और इसका उद्देश्य कच्चे माल की बढ़ती कीमतों की भरपाई करना है। डीएपी फर्टिलाइजर, जो फसलों के लिए फास्फोरस और नाइट्रोजन का मुख्य स्रोत है, फसल की शुरुआती वृद्धि और जड़ों की मजबूती के लिए अहम है। इसका उपयोग गेहूं, धान, मक्का, गन्ना, तिलहन और दलहन जैसी फसलों में किया जाता है। इस पैकेज से फर्टिलाइजर कंपनियों को लागत में राहत मिलेगी, जिससे वे किसानों को बेहतर और किफायती उत्पाद उपलब्ध करा सकेंगी। इसके अलावा, सरकार ने फसल बीमा योजना को भी सरल और सस्ता बनाने का निर्णय लिया है। नए नियमों के तहत, किसानों को कम प्रीमियम दरों पर फसल बीमा की सुविधा मिलेगी। इन कदमों का मकसद किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार और कृषि उत्पादकता में वृद्धि करना है। इन निर्णयों से न केवल किसानों को जरूरी फर्टिलाइजर्स सस्ते दामों पर उपलब्ध होंगे,

### उनका स्वागत है, तेजस्वी बोले- इस साल एनडीए की विदाई तय

## लालू यादव ने नीतीश के लिए फिर खोला दरवाजा



बिहार (आरएनएस)। राजद सुप्रीमो लालू यादव के एक बयान से बिहार की राजनीति में बवाल मच गया है। लालू ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए उनके दरवाजे खुले हैं और वह चाहें तो उनके साथ आ सकते हैं। वहीं, सीएम नीतीश कुमार ने लालू के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, %आप क्या कह रहे हैं, छोड़िए। जेडीयू नेता विजय चौधरी ने भी लालू के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि हमारी पार्टी में कोई भ्रम नहीं है, पार्टी और मुख्यमंत्री का स्टैंड साफ है कि हम एनडीए में हैं और एनडीए में ही रहेंगे। वहीं, लालू के बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए अपने पिता से अलग रुख दिखाया है। तेजस्वी यादव ने बुधवार को दावा किया कि नए साल में बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की विदाई तय है। उन्होंने कहा कि नए साल में मेरे चाचा नीतीश कुमार को सत्ता से बाहर कर दिया जाएगा। वह 20 साल से सत्ता में हैं। अगर एक ही फसल इतने लंबे समय तक बोई जाए तो मिट्टी बर्बाद हो जाती है।

## सीमा हमारे हाथ में नहीं, ममता बनर्जी का बड़ा आरोप, बंगाल में बांग्लादेशी आतंकियों को घुसने दे रही बीएसएफ



पश्चिम बंगाल-(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को केंद्रीय बलों पर बड़ा आरोप लगाया है। ममता ने दावा किया कि राज्य को अस्थिर करने के लिए बांग्लादेशी आतंकवादियों को बंगाल में घुसने दिया जा रहा है। इसे केंद्र का नापाक खाका बताते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश सीमा की रक्षा करने वाली बीएसएफ बंगाल में घुसपैठ की अनुमति दे रही है और महिलाओं पर अत्याचार भी कर रही है। एक प्रशासनिक बैठक के दौरान ममता बनर्जी की टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस दावे के कुछ सप्ताह बाद आई है कि बांग्लादेश से घुसपैठ बंगाल में शांति को बाधित कर रही है।

ममता ने दावा किया कि लोग बीएसएफ इस्लामपुर से, सीताई से, चोपड़ा से प्रवेश कर रहे हैं, हमारे पास खबर है।

### आईबी की रिपोर्ट के बाद स्लीपर सेल एक्टिव, अब साधुओ के वेश में तैनात होगी पुलिस

## महाकुम्भ में अघोरी बनकर घुसने की तैयारी में आंतकवादी



प्रयागराज.(आरएनएस)। यूपी के प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ पर आंतकी साया मंडरा रहा है. कुछ आतंकी संगठनों ने प्रयागराज महाकुंभ-2025 को टारगेट करने की साजिश बनाई है. इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और लोकल इंटेलिजेंस यूनिट ने यूपी के गृह विभाग को एक गोपनीय रिपोर्ट भेजी है. एक सप्ताह पहले भेजी गई इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि खालिस्तानी व पाकिस्तानी आतंकी, प्रॉक्सी नाम से महाकुंभ को टारगेट कर सकते हैं. उन्होंने अपने स्लीपर सेल को एक्टिव करने का काम भी शुरू कर दिया है. एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आतंकी साधु, पुजारी, अघोरी व गेरुआ वस्त्र धारण कर मेले में प्रवेश कर सकते हैं. ऐसे ही कुछ इनपुट आईबी की रिपोर्ट में भी दिए गए हैं. यही कारण है कि महाकुंभ में सीक्रेट पुलिसकर्मियों को साधुओं के वेश में तैनात किया जा रहा है ताकि वे मेले क्षेत्र में हर गतिविधियों पर नजर रख सकें. ये कुंभ मेले में भीड़भाड़ वाले स्थानों पर, अखाड़ा के पंडालों में व संगम तट पर तैनात रहेंगे. आईबी की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए गृह विभाग ने अपने सभी विंग को एक्टिव कर दिया है.



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना संजीवीनगर में विवेक कुमार काछी उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम गिदुरहा थाना मझगवां हाल गुरुकुल स्कूल के पास बाधवा टेन्ट हाउस के सामने धनवंतरी नगर थाना संजीवनीनगर ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि वह भारत फायनेंस कंपनी में कलेक्शन एजेन्ट का काम करता है। दिनांक 11.12.2024 को सुबह करीब 7.30 बजे कंपनी का बैग एवं टैबलेट लेकर अपनी मोटर साइकिल क्र. एमपी 21 एम 3135 से कलेक्शन करने के लिए निकला था । सबसे पहले बहदन में मनीषा के यहां से 31,300 रुपये, फिर बहदन से गुड्डीबाई के यहां से 45,050 रुपये फिर ग्राम सिलुआ से मीरा बाई के यहां 66,905 रुपये एवं ग्राम जमुनिया से 13,200 रुपये कलेक्ट किया।



## सुभाष चन्द्र बैनर्जी, महर्षी सुदर्शन एवं शहीद बिरसामुण्डा वार्ड में आयोजित किये गए शिविर

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविर में हजारों हितग्राही हुए लाभांवित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रदेश सरकार हर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने संकल्पित है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेनें हर पात्र लोगों को सहयोग कर कार्यालयों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, उक्त उद्गार आज केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी पनागर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशील तिवारी इन्दू ने महर्षी सुदर्शन एवं सुभाष चन्द्र बैनर्जी वार्ड में आयोजित जनकल्याण शिविर में कहे। इसी प्रकार शहीद बिरसामुण्डा वार्ड शिविर में पनागर क्षेत्र के विधायक सुशील तिवारी इंदू ने पात्र हितग्राहियों के लिए आयोजित किये जा रहे शिविर की सराहना की। सुभाष चन्द्र बैनर्जी, महर्षी सुदर्शन एवं शहीद बिरसामुण्डा वार्ड में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत जनकल्याण शिविर में 650 से अधिक हितग्राहियों को पात्रता पर्ची वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत स्वीकृत पेंशन पत्रों का वितरण, हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड वितरण, जिला व्यापार योजना, राशन पर्ची, पेंशन स्वीकृति पत्र एवं पी एम स्वनिधि योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को चेक वितरित किए गए। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत शिविर में नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में देवजी नेत्रालय के सहयोग से नेत्र जाँच एवं अन्य सामान्य रोगों की जाँच के लिए विशेष शिविर लगाया गया एवं हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। इस अवसर पर महर्षी सुदर्शन वार्ड शिविर में एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी, मंडल अध्यक्ष पुष्पराज सिंह सेंगर, पार्षद श्रीमती संतोषी ठाकुर, श्रीमती सावित्री शाह, निशांत झरिया, अनुराग दहिया, हेमराज सराठे, दशरथ पटेल, पप्पू सोनकर, कैलाश रजक, बबलू लालपुरी, सुभाष चन्द्र बैनर्जी वार्ड में पार्षद श्याम मनोजिया, संभागीय अधिकारी कुलदीप तिवारी, राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र सिंह राजपूत, योजना प्रभारी श्रीमती रश्मि आर्मो एवं सौरभ सिंह धुर्वे, एवं बिरसामुण्डा वार्ड में एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती लक्ष्मी लक्ष्मण गोंटिया, मंडल अध्यक्ष लखन देवानी, विजय बघेल, संभागीय अधिकारी संतोष अग्रवाल, राजस्व निरीक्षक शिरीष उपाध्याय, सहायक राजस्व निरीक्षक अमित कुशवाहा, बलराम पटैल, अनुज केवट, योजना लिपिक रश्मि साहू, रोमेश राठौर तथा सभी शासकीय विभागों के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण आदि उपस्थित रहे।

**आज यहाँ आयोजित किया जायेगा शिविर**

प्रशासन ने बताया कि आज दिनांक 3 जनवरी 2025 को संभाग क्रमांक 5 अंतर्गत जवाहरगंज वार्ड शासकीय प्राथमिक शाला तिलक भूमि की तलैया में शिविर का आयोजन किया गया है। प्रशासन ने हितग्राहियों से अपील है की शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें।

# रेलवे जीएम ने वर्किंग टाइम टेबल का किया विमोचन





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल परिचालन के सुचारु संचालन हेतु परिचालन विभाग द्वारा कार्यकारी समय सारिणी यानि वर्किंग टाइम टेबल जारी किया जाता है। ये वर्किंग टाइम टेबल सभी रेलवे स्टेशनों के स्टेशन मास्टर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, लोको इंस्पेक्टर, पीडब्लूआई, लेवल क्रॉसिंग एवं कंट्रोल ऑफिस के रेलकर्मचारियों के लिए उपयोगी है। इसमें सभी रेलगाड़ियों के समय-सारिणी एवं गति प्रतिबंध सहित परिचालन और रेलवे कार्यो से सबंधित अति महत्वपूर्ण जानकारियाँ उपलब्ध रहती है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्?य रेलवे के तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मण्डलों में रेलवे स्टाफ के लिए रेल परिचालन हेतु कार्यकारी समय सारिणी (वर्किंग टाइम टेबल) जारी किया गया। बुधवार 01 जनवरी 2025 को पमरे मुख्यालय में वर्किंग टाइम टेबल का विमोचन श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के कर कमलों से किया गया। विमोचन अवसर पर प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री गुरिंदर मोहन सिंह, मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक श्री विवेक कुमार, उप मुख्य परिचालन प्रबंधक (कोचिंग) श्री नवनीत राज, वरिष्ठ परिवहन प्रबंधक (कोचिंग) श्री ए. के. एस यादव, चीफ कण्ट्रोलर (टाइम टेबल) उपेंद्र प्रसाद, विवेक कुमार एवं परिचाल विभाग के रेलकर्मचारी उपस्थित थे।

## प्री पीएचडी प्रवेश परीक्षा में उर्दू को भी शामिल किया जाए- डॉ.रिज़वान अंसारी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। तालिब हुसैन -रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से सम्बध्द सभी जिलों में उर्दू माध्यम के छात्र विभिन्न कालेजों में अध्ययनरत हैं . इनमें कई शोधार्थी छात्र हैं, जो उर्दू माध्यम से ही पीएचडी करना चाहते हैं, लेकिन प्री पीएचडी प्रवेश परीक्षा में उर्दू शामिल नहीं है, लिहाजा इन छात्रों के हितों का ध्यान रखते हुए प्री पीएचडी प्रवेश परीक्षा में उर्दू को भी शामिल किया जाए. इस मांगा को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद डॉ. रिज़वान अंसारी के नैतृत्व में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरू को ज्ञापन सौंपा गया. इस मौके पर प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी अन्जुमन गर्ल्स कॉलेज के मानद सदस्य मुस्तफ़ा अंसारी, मुहम्मद हामिद अंसारी, पप्पू खान आदि उपस्थित रहे.

**कुलगुरू को सौंपा ज्ञापन**

# कांग्रेसजनों ने ठंड से बचाव हेतु गरीबों के लिए लगाया अलाव



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भीषण ठंड और शीत लहर से बचाव हेतु वरिष्ठ कांग्रेस नेता बबलू कुरैशी द्वारा मंडी मदार टेकरी स्थित कब्रस्तान गेट नं एक के सामने रिक्शा चालकों, भिक्षुओं व निर्धनों के लिए प्रतिदिन अलाव का इंतजाम किया है।जिससे गरीबों को भीषण ठंड से राहत मिल सकें। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ता नसीम अंसारी, अतीक कुरेशी, असलाम बाबा वारसी, नुरूल्ला खान, हाशिम राजा, गोगा पहलवान, मुस्तकीम कुरेशी, नसीम कुरेशी, पुन्नू भाई आदि ने अलाव के आयोजन को सराहनीय कदम बताते हुए गरीबों से लाभ लेने की अपील की है।

# श्रीभरत का प्रेम तो रहस्यमय है



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्रीराम का चरित्र दिव्य जल से भरे सरोवर की तरह है। जब कोई व्यक्ति स्नान करने के लिये जायेगा तो सबसे पहले उसकी दृष्टि इस ओर जायेगी कि सरोवर का जल साफ है या नहीं। यदि जल स्वच्छ नहीं है तो नहाने का मन नहीं करेगा। यदि जल स्वच्छ नहीं है तो नहाने का मन नहीं करेगा। और जो व्यक्ति जल पीने के लिये जायेगा उसकी दृष्टि स्वच्छता पर ही केन्द्रित नहीं रहेगी। वह यह भी देखेगा कि जल पीने में मीठा और शीतल है या नहीं। पर जो व्यक्ति तैरने के लिये जायेगा वह केवल स्वच्छता, मिठास अथवा शीतलता पर ही दृष्टि नहीं डालेगा, %वह यह भी देखेगा कि जल में गहराई है या नहीं ? उपरोक्त उद्गार भरत सरिस को राम सनेही प्रवचन माला में पं. उमाशंकर शर्मा जी व्यास ने महेश भवन गोपालबाग में रामायणम जबलपुर द्वारा आयोजित श्री राम चरित मानस परायण ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस व्यक्त किये। महाराज श्री कहते है कि श्रीभरत तो भावना के बड़े सूक्ष्म स्तर पर रहते हैं। चित्रकूट में श्रीभरत की भावना यह थी कि जो व्यक्ति छोटा होता है, वह तो पद पाने के लिये पद के पास जाता है, पर हमारे प्रभु तो इतने बड़े हैं कि सिंहासन उन्हें पाकर बड़ा बनेगा। %अत- सिंहासन चलकर प्रभु से प्रार्थना करे कि आप मुझ पर बैठ जाइये, मुझे बड़ा बनाइये। इसलिये प्रभु को सिंहासन के पास नहीं लाना है, बल्कि सिंहासन को ही प्रभु के पास ले चलना है।

महाराज जी ने कहा कि छाया में प्रत्येक क्रिया दिखाई देती है, लेकिन इतना होते हुए भी छाया में न स्वयं का मन है, न अपनी बुद्धि है, न अपना चित्त है और न ही अपना अहंकार है। वह तो केवल व्यक्ति के प्रतिबिम्ब में गतिशील हो रही है। इसी प्रकार श्रीभरत ने अपने व्यक्तित्व को श्रीराम के व्यक्तित्व की छाया बना दिया है। उन्होंने तो भगवान राम के अन्तर्मन में, बुद्धि में, चित्त में, अहंकार में अपने आपको इतना विलीन कर दिया है कि उनका कोई अलग व्यक्तित्व, कोई अलग विचार, कोई अलग माँग दिखाई ही नहीं देती। यही श्रीभरत के व्यक्तित्व की विशेषता है।

महाराज जी ने बतलाया कि एक बार सुनयनाजी ने श्रीजनकजी से कहा कि महाराज ! आप तो महान् तत्त्वज्ञ हैं। श्रीभरतजी के विषय में कुछ सुनाइये! श्रीजनक ने कहा - महारानी ! मेरी बुद्धि का धर्म में, राजनीति में, वेदान्त में तो प्रवेश है - परंतु इतना होते हुए भी क्या बताऊँ ! मेरी बुद्धि भरत को तो क्या श्रीभरत की छाया को भी छूने में असमर्थ है। श्रीभरत का प्रेम तो रहस्यमय है, उसे मैं नहीं जानता। परन्तु जब महारानी ने पूछा कि महाराज ! श्रीभरत के उस रहस्यमय प्रेम का पता कैसे चले ? क्या कोई श्रीभरत के विषय में जानने वाला है ? उस समय महाराजश्री जनक ने कह दिया कि बस ! एकमात्र राम ही सही-सही श्रीभरत को जानते हैं।

श्री राम सरकार एवं महाराज श्री का पूजन सर्व श्री मुकुंददास जी महाराज, पं. अरुण शर्मा, पं. अशोक दुबे, पं. बासुदेव शास्त्री, मेवालाल छिरोलया, जी डी दीक्षित, उमेश राठौर, रोशनी अग्रवाल, संजय शर्मा, बासुदेव सावल खत्री, डॉ गोविंद नेमा, मुन्ना महाराज, अखिलेश त्रिपाठी, गोपाल खजांची, गिरिराज चाचा, ओमप्रकाश सोनी ने किया। मंच संचालन आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे एवं स्वस्तिवाचन पंडित रोहित दुबे, पं. सौरभ दुबे, पं. महेंद्र पांडेय, पं. पवन आदि ने किया।

# सुबोध निगम पावर जनरेटिंग टिंग कंपनी के डायरेक्टर टेक्निकल नियुक्त



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग ने एक आदेश जारी करके मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुबोध निगम को पावर जनरेटिंग कंपनी के डायरेक्टर (टेक्निकल) पद पर नियुक्त किया है। आदेश के अनुसार उनकी नियुक्ति डायरेक्टर टेक्निकल के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि अथवा 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने की तिथि में से जो भी पहले हो के लिए होगी। सुबोध निगम ने आज डायरेक्टर टेक्निकल का पद संभाल लिया।

क्या हैं प्राथमिकताएं-डायरेक्टर टेक्निकल का पदभार ग्रहण करने के पश्चात् सुबोध निगम ने कहा कि प्राथमिकता के तौर पर विद्युत गृहों का प्लान मेंटेनेंस, विद्युत गृहों का व्यापक निष्पादन और गुणवत्ता नियंत्रण प्रकोष्ठ की स्थापना करने का प्रयास करेंगे।

विद्युत गृहों में कार्य का विशद् अनुभव- सुबोध निगम को 37 वर्षों से अधिक का अनुभव है। वे शासकीय अभियंत्रिकीय महाविद्यालय रीवा से वर्ष 1986 के मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट हैं और फायनेंस विषय में एमबीए हैं। उन्होंने 1989 में मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल के उत्पादन निकाय से सहायक अभियंता के रूप में अपनी सेवा शुरु की। सुबोध निगम सतपुड़ा ताप विद्युत गृह व संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे। उनको ताप विद्युत गृहों की कमीशनिंग, ऑपरेशन, मेंटेनेंस के साथ मानव संसाधन और ईआरपी क्रियान्वयन का अनुभव है। सुबोध निगम ने इनर्जी ऑडिटर की परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। उन्होंने आईआईटी दिल्ली से कंडीशन मॉनिटरिंग का प्रशक्षिण प्राप्त किया है। पिछले छह वर्षों से वे पावर जनरेटिंग कंपनी के डायरेक्टर कॉमर्शियल व प्रबंध संचालक को तकनीकी व कॉमर्शियल और पॉलिसी विषयों पर सहायता करते रहे हैं ।

# पीएचडी प्रवेश परीक्षा में उर्दू विषय सम्मलित करने कुलगुरु से मांग



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली प्री पीएचडी परीक्षा में उर्दू विषय को जोड़े जाने को लेकर पूर्व पार्षद डॉ. रिजवान अंसारी ने एक ज्ञापन कुलगुरु को दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई हैं कि एसे कई विद्यार्थी हैं जो कि उर्दू विषय से पीएचडी करना चाहते है, किन्तु पीएचडी की प्रवेश परीक्षा में उर्दू विषय नहीं होने के कारण उन्हें पीएचडी करने से वंचित रहना पड़ता हैं। ज्ञापन देते समय बड़ी संख्या में विद्यार्थी और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.

**निविदा सूचना**

N.I.T. NO. / PWD/ E - Tendering/PRO 440 Date 02/01/ 2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_ UAD 392298_1 03.01.2025 | सं.क्रं.-03 रामपुर अंतर्गत शंकरशाह नगर वार्ड न्यू रामनगर ऋषि ताम्रकार के मकान के पास से नीतू सिंह के मकान तक सीमेंट सड़क निर्माण कार्य। | 02 माह<br>रू. 3.79 लाख | रू. 2,000/-<br>रू. 3792/- | 17.01.2025 |
| 2 | 2025_ UAD 392298_2 03.01.2025 | सं.क्रं.-03 रामपुर अंतर्गत शंकरशाह नगर वार्ड में दुर्गा नगर में रंगमंच में अतिरिक्त कार्य। | 02 माह<br>रू. 3.00 लाख | रू. 2,000/-<br>रू. 3009/- | 17.01.2025 |
| 3 | 2025_ UAD 392298_3 03.01.2025 | सं.क्रं.-03 रामपुर अंतर्गत बदनपुर शक्तिनगर से शिवहरे आटा चक्की से कमल सिंह ठाकुर के निवास तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 02 माह<br>रू. 2.01 लाख | रू. 2,000/-<br>रू. 2012/- | 17.01.2025 |
| 4 | 2025_ UAD 392298_5 03.01.2025 | सं.क्रं.-03 रामपुर अंतर्गत गिरीराज किशोर कपूर वार्ड भोलेकुटी मंदिर के पास नाली निर्माण कार्य। | 02 माह<br>रू. 1.83 लाख | रू. 2,000/-<br>रू. 3673/- | 17.01.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की www.mptenders.gov.in की बेवसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया

**कार्यपालन यंत्री , लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर**



भोपाल - उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय जबलपुर की साधारण सभा की बैठक हुई। मंत्री श्री परमार ने महाविद्यालयीन गतिविधियों की समीक्षा की। विद्यार्थियों के हितों से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**जन समस्याओं के निराकरण के लिए करें जन-संवाद-रैन बसेरों का निरीक्षण करें-विधानसभा वार समीक्षा की जाए**

# विधान सभावार विजन आधारित तैयार करें रोडमैप - मुख्यमंत्री डॉ.यादव



भोपाल -(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी विधायकों को अपने क्षेत्र के विकास का विजन डॉक्यूमेंट (रोडमैप) बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी विधायक क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ जन समस्याओं के निराकरण को लेकर जन-संवाद करें। जनकल्याण अभियान के मिल रहे परिणामों का आकलन करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए जरूरी है कि जनता के बीच जाएं, उनसे संवाद करें, उनकी समस्याएं जानें और निराकरण के लिए तुरन्त कदम उठाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को इंदौर संभाग में चल रही विकास गतिविधियों एवं वृहद् निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, इंदौर सांसद श्री शंकर लालवानी सहित अन्य क्षेत्रीय विधायकों एवं जन-प्रतिनिधियों ने बैठक में अपने-अपने क्षेत्र से वर्चुअली सहभागिता की। मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव श्री एस.एन, मिश्रा, अपर मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन, प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ल, प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

गाँव में रात्रि विश्राम करें अधिकारी और जन-प्रतिनिधि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में वुर्चअली जुड़े मंत्रीगण, सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधियों से कहा कि वे सरकार की योजनाओं का फीडबैक लेने के लिए अधिकाधिक फील्ड दौरे करें। जन-प्रतिनिधि, क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ दूरस्थ गाँव (विशेषकर जनजातीय ग्राम) में रात्रि विश्राम करें। वहां ग्रामीणों से बात करें, उनकी कठिनाईयों का समाधान करें। मुख्यमंत्री ने दिन-ब-दिन बढ़ती सर्दी के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे रैन बसेरों का औचक निरीक्षण करें। जरूरतमंदों को कंबल एवं गर्म वस्त्र प्रदाय करें। किसी को भी सर्दी से कठिनाई न होने पाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए विधायक यदि चाहें, तो कोई नवाचार भी कर सकते हैं। ऐसी नवाचारी गतिविधियों को अमल में लाएं, जिससे जनता को अधिकतम लाभ हो। उन्होंने कहा कि अब सभी संभागों के प्रभारी अपर मुख्य सचिव जिलेवार समीक्षा बैठक करेंगे। इससे सभी विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र की प्रमुख मांगों एवं संवदेनशील विषयों को रखने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर्स अब विधानसभावार समीक्षा बैठक करें। जिले के सभी विधायकों से चर्चा करें और उनके विधानसभा क्षेत्र का विजन डाक्यूमेंट बनाने में सहयोग भी करें।

पुराने मंजूर सीएम राइज स्कूल का निर्माण पूरा कराएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीएम राइज स्कूलों के निर्माण की समीक्षा में कहा कि पुराने मंजूर सीएम राइज स्कूलों का जितना भी निर्माण कार्य अभी शेष है, पहले उन्हें विशेष प्राथमिकता से पूरा कर लिया जाए। इसके बाद नये सीएम राइज स्कूलों के निर्माण का प्रस्ताव लिये जाए।

ताप्ती-चिल्लूर वृहद परियोजना की पूर्णता के लिये महाराष्ट्र सरकार से करेंगे चर्चा

जल संसाधन विभाग की समीक्षा में खंडवा जिले की ताप्ती-चिल्लूर वृहद सिंचाई परियोजना के बारे में जानकारी दी गई। इस पर खंडवा जिले के हरसूद से विधायक एवं जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने मुख्यमंत्री से इस परियोजना को जल्द से जल्द मंजूरी देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द से जल्द इस पर काम शुरू किया जाएगा। यदि आवश्यकता हुई, तो वे स्वयं महाराष्ट्र शासन से भी इस परियोजना के संबंध में चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि करीब 26 हजार 279 करोड़ रूपए लागत वाली इस वृहद सिंचाई परियोजना के पूरा होने पर संबंधित क्षेत्र के 81 हजार 600 हेक्टेयर रकबे में फसल सिंचाई एवं वाटर रिचार्जिंग की स्थायी सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

जल जीवन मिशन के कामों में तेजी लाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर संभाग में जल जीवन मिशन के तहत संचालित कामों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करें। जल जीवन मिशन सीधा जनता से जुड़ा अभियान है। यदि इस अभियान के क्रियान्वयन में कोई समस्या आ रही है, तो आपसी संवाद एवं समन्वय से उसका समाधान निकाला जाए। उन्होंने कहा कि वे 20 जनवरी तक पूरे प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बताया गया कि इंदौर संभाग के अंतर्गत अधीन जिलों में नल-जल योजना के अंतर्गत खोदी गई 3205.83 कि.मी. रोड के विरूद्ध अब तक 3166.81 कि.मी. रोड का रेस्टोरेशन कार्य गुणवत्तापूर्वक पूरा कर लिया गया है। शेष रोड का रेस्टोरेशन कार्य पाइप लाईन की टेस्टिंग के बाद पूरा कर लिया जाएगा।

इंदौर-उज्जैन के वर्तमान फोरलेन को बनाया जाएगा सिक्स लेन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर-उज्जैन के फोरलेन को सिक्स लेन में बदलने के संबंध में अब तक हुई प्रगति की जानकारी ली। बताया गया कि इस काम के लिए निर्माण एजेंसी से अनुबंध कर लिया गया है। तय निर्माण एजेंसी द्वारा अनुबंध के अनुसार प्री-कंस्ट्रक्शन गतिविधियां भी तेजी से संचालित की जा रही है। इंदौर सांसद ने इंदौर-देपालपुर मार्ग को फोरलेन बनाए जाने की मांग रखी। बैठक यह भी बताया गया कि मध्यप्रदेश में वर्तमान 6 एक्सप्रेस-वे नियोजित हैं,?जिसमें नर्मदा प्रगति पथ, विंध्य एक्सप्रेस-वे, मालवा-निमाड़ विकास पथ, बुंदेलखंड विकास पथ, अटल प्रगति पथ और मध्य भारत विकास पथ का निर्माण प्रगतिरत है।

अपने सुझाव परिसीमन आयोग को भी दे सकते हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में वर्चुअली जुड़े सांसद एवं विधायकों से कहा कि यदि वे क्षेत्रीय आबादी या भौगोलिक स्तर पर जनहित में अपने जिले या तहसील का संभाग या जिला परिवर्तन कराना चाहते हैं, तो वे अपने सुझाव लिखित में राज्य सरकार द्वारा गठित परिसीमन आयोग को दे सकते हैं। प्राप्त सुझाव पर परिसीमन आयोग ही अंतिम निर्णय लेगा।

# वर्ष 2024 किसानों की आय बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने वाला रहा : शिवराज सिंह चौहान

भोपाल (आरएनएस)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वर्ष 2024 विकसित भारत के विराट संकल्प की सिद्धि का आधार बना है। किसानों की आय बढ़ाने के साथ आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2024 विकसित भारत के विराट संकल्पों की सिद्धि का आधार बना है। इस दौरान कृषि क्षेत्र में भी हमने अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की हैं। प्रधानमंत्री द्वारा प्रत्येक कैबिनेट में कृषि और किसान से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण सौगात दी गईं। इस दौरान किसानों की आय बढ़ाने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए।

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने आगे कहा किसान की सेवा मोदी सरकार के लिए भगवान की पूजा है। प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल का शुभारंभ 'पीएम किसान सम्मान निधि' राशि जारी करने के साथ किया और 9.26 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ सीधे भेजे। साथ ही फसलों की जलवायु अनुकूल 109 किस्में किसानों को समर्पित की और खरीफ विपणन सीजन 2024-25 के लिए 14 खरीफ फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ोतरी का ऐतिहासिक निर्णय लिया।



उन्होने कहा, किसान कल्याण के प्रति संवेदनशील मोदी सरकार ने खाद्य तेलों के आयात शुल्क को शून्य प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया। बासमती चावल से न्यूनतम निर्यात शुल्क हटाने का निर्णय लिया और गैर बासमती चावल से निर्यात पर प्रतिबंध हटाया। साथ ही प्याज के निर्यात शुल्क को 40 प्रतिशत से 20 प्रतिशत किया। इस दौरान हमने 100 दिन सैचुरेशन अभियान चलाकर 25 लाख नए किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जोड़ा। साथ ही केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-तिलहन, कृषोन्नति योजना, डिजिटल कृषि मिशन और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन को मंजूरी दी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। चौहान ने आगे कहा, किसानों की आय बढ़ाने के लिए हमने 6 सूत्रीय रणनीति बनाई और निरंतर प्रयास किया कि किसान समृद्ध हों। केंद्र सरकार की किसान हितैषी नीतियों के परिणामस्वरूप इस वर्ष कृषि वृद्धि दर 3.5 प्रतिशत रही, जिसके अगले साल बढ़कर चार प्रतिशत होने का अनुमान है। विकसित भारत के लिए विकसित कृषि आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते एक वर्ष में इस हेतु हमने अनेक निर्णय किए हैं। आने वाले वर्ष में दोगुनी ऊर्जा और उत्साह के साथ किसानों के जीवन को खुशहाल बनाने में जुटेंगे। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2024 ग्रामीण भारत के विकास के उन संकल्पों का साक्षी बन रहा है, जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत की नींव हैं। इस वर्ष दुनिया ने हमारी नमो ड्रोन दीदियों की उड़ान देखी तो साथ ही सशक्तिकरण का पर्याय बनीं लखपति दीदियों के सामर्थ्य से भी परिचित हुई। ग्रामीण इलाकों में बनाए जा रहे आवास को लेकर केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से 3 करोड़ नागरिकों का अपने पक्के घर का सपना सच हुआ तो वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांव का खुशियों से नाता जुड़ा। मनरेगा ने संबल दिया तो आजीविका मिशन से बहनों को समृद्धि मिली। बीते एक वर्ष में संपूर्ण देश ग्रामीण भारत के विकास की अभूतपूर्व यात्रा का साक्षी बना है। निश्चय ही आने वाला वर्ष भी नई उपलब्धियों से भरा होगा और हम दृढ़ संकल्प के साथ ग्रामीण विकास हेतु समर्पित रहेंगे।

**प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की प्रार्थना की**

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बाबा विश्वनाथ का किया अभिषेक



भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ महादेव के दर्शन किये। उन्होंने सपरिवार विधि-विधान से बाबा विश्वनाथ का पूजन एवं अभिषेक किया और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। वाराणसी कैंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री सौरभ श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

# मंत्रालय में हुआ राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन



भोपाल (आरएनएस) राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन गण मन का सामूहिक गायन गुरूवार को मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में हुआ। इस अवसर पर पुलिस बैंड ने मधुर धुनें प्रस्तुत की।

वंदे-मातरम गायन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे, प्रमुख सचिव श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, श्री नवनीत मोहन कोठारी सचिव श्री अनिल सुचारी, एवं मंत्रालय सहित सतपुड़ा, विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### एम.पी.ऑनलाइन से भी कर सकेंगे नए बिजली कनेक्शन का आवेदन -ऊर्जा मंत्री

भोपाल -ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कंपनी कार्यक्षेत्र के 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को नए वर्ष में यह सौगात दी है कि वे अब एम.पी. ऑनलाइन से भी ऑनलाइन आवेदन कर नया बिजली कनेक्शन ले सकेंगे। इसके लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने एम.पी.ऑनलाइन से अनुबंध किया है। बिजली उपभोक्ताओं को यह सुविधा जनवरी के अंतिम सप्ताह से मिलना शुरू हो जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल एवं निदेषक (वाणिज्य) श्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) श्रीमती स्वाति सिंह एवं एम.पी.ऑनलाइन के बिजनेस हेड श्री संदीप राजपाल द्वारा कंपनी मुख्यालय में अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया।

**स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किये निर्देश**

# स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को होगा सामूहिक सूर्य-नमस्कार

भोपाल (आरएनएस) प्रदेश में स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को प्रतिवर्ष युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा दिवस के मौके पर विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाता है। सामूहिक सूर्य-नमस्कार के साथ स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग ने आयुक्त लोक शिक्षण को सामूहिक सूर्य-नमस्कार और इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों और आम लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के लिये कहा है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश की समस्त विद्यालयीन संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रातः 9 से प्रातः 10:30 बजे तक सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन हो। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। इसी दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रेडियो पर संदेश प्रसारित होगा। सामूहिक सूर्य-नमस्कार समस्त शिक्षण संस्थाओं में एक साथ, एक संकेत पर किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

शिक्षण संस्थाओं में होने वाले सामूहिक सूर्य-नमस्कार में मंत्रीगण, सांसद, महापौर, अध्यक्ष जिला पंचायत, विधायक, अध्यक्ष नगरपालिका एवं स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में कक्षा-6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में शामिल विद्यार्थियों को योग और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्व के बारे में भी बताया जायेगा।

# आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के लिए मानक प्रक्रिया एवं आवश्यक निर्देश

भोपाल (आरएनएस) मुख्य कार्यपालन अधिकारी आयुष्मान भारत योजना डॉ. योगेश भरसट ने आयुष्मान भारत योजना में हितग्राहियों को निशुल्क उपचार प्रदान करने के लिए प्रक्रियाओं और निर्देशों की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इन प्रक्रियाओं और निर्देशों का पालन करके हितग्राही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत नि:शुल्क उपचार का लाभ सहजता से प्राप्त कर सकते हैं।

हितग्राही अस्पताल पहुँचने के बाद सबसे पहले आयुष्मान योजना के लिए पंजीकृत कियोस्क का पता करें और अपने दस्तावेज़, जैसे आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, समग्र आईडी, पात्रता पर्ची, संबल कार्ड या क्क्षष्टद्ब कार्ड को आयुष्मान मित्र को दिखाएं। पात्रता सत्यापन के दौरान आयुष्मान मित्र आपके आयुष्मान कार्ड और आधार/समग्र आईडी का मिलान करेगा और उपचार के लिए अस्पताल की पात्रता सुनिश्चित करेगा। सत्यापन के बाद, आयुष्मान मित्र आपको नि:शुल्क उपचार की प्रक्रिया समझाएगा और चिकित्सीय परामर्श तथा उपचार की प्रक्रिया शुरू होगी। उपचार के दौरान हितग्राही को किसी भी प्रकार की राशि का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं उपचार के दौरान हितग्राही को किसी भी प्रकार की राशि का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। यदि किसी उपकरण, दवा या सेवा के लिए अस्पताल द्वारा अतिरिक्त राशि चार्ज की जाती है, तो हितग्राही को तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर इसकी जानकारी देनी चाहिए। उपचार पूरा होने के बाद डिस्चार्ज के समय निल (शून्य बकाया) राशि का बिल प्राप्त करना सुनिश्चित करें और अस्पताल से मंगलकामना पत्र लेना न भूलें।

एनएचए हेल्पलाइन नंबर 14555, एसएचए मध्यप्रदेश हेल्पलाइन नंबर 18002332085 पर कर सकते हैं शिकायत हितग्राही से अपेक्षा की जाती है कि वे उपचार के बाद फीडबैक फॉर्म को सही जानकारी के साथ भरें और हस्ताक्षर करें। यदि किसी स्तर पर अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है या किसी प्रकार की असुविधा होती है, तो हितग्राही को तुरंत ह्रू हेल्पलाइन नंबर 14555 या स्रू मध्यप्रदेश हेल्पलाइन नंबर 18002332085 पर शिकायत दर्ज करायें।

# सौरभ शर्मा की हत्या की आशंका, गिरफ्तारी कर उसे सुरक्षा दे सरकार, भ्रष्टाचार के सच को सामने लाना चाहिएः जीतू पटवारी

भोपाल (आरएनएस)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश की भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते प्रदेष की दुर्दशा पर चिंता जाहिर करते हुये आज मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि विगत दिनों उजागर हुये आरटीओ पे पूर्व आरक्षण सौरभ शर्मा कांड में जिस तरह की तस्वीर सामने आ रही है, उससे प्रतीत होता है कि सौरभ शर्मा की हत्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह बात मैंने पहली भी कही है, क्योंकि जब भी वह सामने आयेगा, कई लोगों के चेहरे बेनकाव हो जायेंगे। इसलिए सरकार को सौरभ शर्मा की गिरफ्तारी कर उसे सुरक्षा देना चाहिए और भ्रष्टाचार के सच को सामने लाना चाहिए, सारे राज प्रदेश की जनता के सामने लाना चाहिए। क्योंकि सौरभ शर्मा का वकील भी सौरभ शर्मा के एनकाउंटर की आशंका जता चुके हैं।

श्री पटवारी ने कहा कि भाजपा राज में दिखने लगा है कि भ्रष्टाचारी चेहरा कैसा होता है, जनता के बीच यह स्पष्ट हो गया है कि मप्र की सरकार कर्ज, क्राइम, करपशन और कमीशन की सरकार चल रही है। सौरभ शर्मा मामले को लेकर श्री पटवारी ने कहा कि भाजपा में लूट के पैसों की लड़ाई होती है, महाकाल में जिन लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, महाकाल में जिन लोगों को पद दिये जा रहे हैं, जिन लोगों को प्रशासक बना रखा है, वे सभी लूटपाट कर एक-एक, डेढ़-डेढ़ करोड़ रूपयों तक की अवैध कमाई कर आंखों में धूल झोंक रहे हैं। मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र उज्जैन में भाजपा का भ्रष्टाचार भगवान महाकाल को भी नहीं छोड़ रहा है। पहले इन्होंने महाकाल लोक में भ्रष्टाचार किया, जिसमें मुख्यमंत्री सहित कई लोगों पर उंगलियां उठी थी और अब फ़िर से भ्रष्टाचार उजागर हो रहा है। ये प्रसाद में, दर्शन में लोगों को लाईन में आगे बढ़ाने में। लोगों को भोलेनाथ के आनलाईन दर्शन कराने के लिए पैसे की डिमांड होती है, यह कैसे भोलेनाथ के भक्त हैं, यह आरएसएस से जुड़े लोगों द्वारा महाकाल मंदिर में किया जा रहा है। यानि भाजपा सरकार में भगवान महाकाल के दर्शन के लिए तक पैसे की वसूली की जा रही है। यह हैं भाजपा का असली चेहरा। श्री पटवारी ने कहा कि बार-बार में कह रहा हूं कि किसानों का गला घौंटा जा रहा है। जिस तरह किसानों से कहा गया कि धान के 3100 और गेहूं का 2700 रूपये समर्थन मूल्य देंगे, भाजपा किसानों को झूठ परोसती हैं, आने वाले समय धान खरीदी आयेगी तो में मैं स्वयं मंडियों में जाकर किसानों से मिलूंगा, इस सरकार का झूठ, करप्शन का गुमराह करने का उस चेहरे को बेनकाब करने की कोशिश करूंगा। हाल ही में अपने प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया था कि सरकार अपना वादा निभाये, संकल्प पत्र का पालन करे। श्री पटवारी ने एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि दलितों पर अत्याचार लगातार बढ़ रहे हैं। हाल ही में देवास में दलित की हत्या पर सरकार मौन है। कांग्रेस पार्टी भाजपा द्वारा व्यापक स्तर पर किये जा रहे घपले-घोटालों, भ्रष्टाचार को लेकर बड़ा प्रदर्शन कर रही है। भ्रष्ट और करप्ट मानसिकता के लोग सरकार में बैठे हैं, इनकी रीढ़ की हड्डी नहीं बची, इनको शर्म नहीं आती, इनमें मर्यादा नहीं बची। विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस ने सच्चे विपक्ष की भूमिका निभाई। श्री पटवारी ने कहा कि दलितों पर अत्याचार हो रहा है, देवास में कल एक बेटे की हत्या कर दी गई, एनसीआरबी के आंकड़े कहते हैं कि दलित-आदिवासी बहनें लगभग पिछले तीन-चार साल में पांच लाख बहने गायब हो गई हैं। जो अलग-अलग की यातनाएं होती, निर्दोषों की हत्या होती है, लोगों पर पेशाब की घटना होती है, जिसमें भाजपा के लोग सामने निकलकर आते हैं, इन सब घटनाओं को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान की रक्षा को लेकर, संविधान के संकल्प के साथ महात्मा गांधी जी की भावना के अनुरूप 'जय भीम-जय संविधान-जय बापू' महू में बड़ा आयोजन किया जायेगा। जिसमें अभा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सभी सीडब्लूसी मेंबर समेत पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

## सम्पादकीय
अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।



मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत महाकुम्भ महज एक मेला नहीं, बल्कि करीब डेढ माह तक चलने वाला मिलन और सत्संग का महापर्व है। देश और विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इस पर्व के विषय में जानना अति आवश्यक है, ताकि वह महाकुम्भ के महात्म्य और मूल को समझ सकें और अधिक से अधिक इसका पुण्य लाभ प्राप्त कर सकें। तीर्थ राज प्रयाग में प्रयाग पुत्र के नाम से फेमस राकेश कुमार शुक्ला ने महाकुम्भ को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ डिजिटल डिटॉक्स होने के साथ साथ पतित को पावन बनाने का पर्व है।



## व्यापार घाटे में बढ़ोतरी

समाधान देश के अंदर ही पूरा सप्लाई चेन तैयार करना है। लेकिन यह धीरज के साथ दूरगामी निवेश और नियोजन से ही हो सकता है। इस दिशा में पहल का कोई संकेत नहीं दिखता। नतीजतन, व्यापार घाटा अपरिहार्य बना हुआ है। चालू वित्त वर्ष में सिर्फ दो महीने ऐसे रहे, जब वस्तु व्यापार में उसके पिछले महीने की तुलना में व्यापार घाटा कम हुआ। लेकिन अप्रैल 2024 को आधार बनाएं, तो तब से नवंबर तक घाटा कुल मिला कर बढ़ा ही है। अप्रैल में व्यापार घाटा 19.1 बिलियन डॉलर रहा, जो नवंबर में 37.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। लेकिन अप्रैल 2024 को आधार बनाएं, तो तब से नवंबर तक घाटा कुल मिला कर बढ़ा ही है। अप्रैल में व्यापार घाटा 19.1 बिलियन डॉलर रहा, जो नवंबर में 37.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। इसका सीधा कारण तो निर्यात की तुलना में आयात का तेजी से बढ़ना है, लेकिन इस बड़ी कहानी के अंदर कुछ बारीक अहम तथ्य भी हैं। नवंबर में गुजरे वर्ष के इसी महीने की तुलना में आयात 27 फीसदी बढ़ा, वहीं निर्यात 4.7 प्रतिशत गिरा। सरकारी अधिकारी चूंकि हर नकारात्मक खबर के बचाव की दलील ढूंढ कर आते हैं, इसलिए उन्होंने नवंबर के आंकड़ों के बारे में कहा कि बीते महीने सोने का आयात तेजी से बढ़ा, जबकि प्रमुख रूप से पेट्रोलियम पदार्थों का निर्यात घटने की वजह से कुल निर्यात आंकड़ों में गिरावट दिखी।

यानी चिंता की कोई बात नहीं है। वैसे स्वर्ण आयात बढ़ने का रास्ता सरकार ने ही साफ किया है। इस पर आयात शुल्क में भारी कटौती और यूएई से मुक्त व्यापार समझौते का इसमें प्रमुख योगदान है।

# नई लकीर खींचने की कोशिश में जुटे मोहन यादव

विधानसभा चुनाव में अभूतपूर्व जीत के बाद मध्य प्रदेश में बीजेपी ने तकरीबन अपरिचित चेहरे को राज्य की कमान सौंपने का फैसला लिया, तो राजनीतिक हलकों में हैरत जताई गई थी। उन्हीं मोहन यादव ने बतौर मुख्यमंत्री सालभर की यात्रा पूरी कर ली है। मंत्री के तौर पर मोहन यादव मध्य प्रदेश शासन का हिस्से रहे, लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें समझ आया कि एक या दो विभाग संभालना अलग बात है और पूरे राज्य की कमान के साथ राजनीतिक संतुलन बनाए रखना कठिन चुनौती है। लेकिन मोहन यादव ने इस चुनौती को ना सिर्फ संभाल लिया है, बल्कि नवाचार के साथ शासन और प्रशासन को बखूबी संभाल रहे हैं। शासन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर विशेष भेंट में मोहन यादव ने अपनी चुनौतियों के साथ ही अपने सपनों को जिस सहज अंदाज में साझा किया, वह उनकी राजनीति और चरित्र को समझने का सूत्र है।

बड़ा राजनीतिक दल हो या संभ्रांत परिवार, हर नए नेतृत्व के सामने अक्सर अतीत और पूर्वज से तुलना का सवाल उठ खड़ा होता है। अगर अतीत का नेतृत्व विराट रहा हो तो नए नेतृत्व के हर कदम को पुराने की कसौटी पर कसा जाना स्वाभाविक है। मोहन यादव को बखूबी पता है। वे खुद भी स्वीकार करते हैं कि उनके मुख्यमंत्री बनने से पहले करीब साढ़े अठारह साल तक राज्य में बीजेपी की सत्ता रही। उसकी कमान जिन हाथों में रही, वे प्रभावशाली रहे। मोहन यादव स्वीकार करते हैं कि उनके नेताओं ने जो वायदे किए, जिस जैसा शासन चलाया, उन्हें पूरा करना और उस परिपाटी को बरकरार रखना उनका पाथेय है। मोहन यादव को पता है कि उन्हें अपनी भी एक नई लकीर खींचनी होगी। वे खुलकर इसे स्वीकार नहीं करते, बल्कि खुद को विनम्र कार्यकर्ता बताते हैं। मध्य प्रदेश को लेकर उनके भी अपने कुछ सपने हैं। सपना यह कि समृद्ध और वैविध्यपूर्ण प्राकृतिक संपदा वाला उनका राज्य समृद्ध बने, आर्थिक रूप से समृद्ध हो, कृषि विकास की मौजूदा दर बनी रहे और किसान लगातार समृद्ध होते रहें। सांस्कृतिक रूप से संपन्न राज्य की भारत ही नहीं, वैश्विक मानचित्र पर गहन पहचान भी बने। इन सपनों को हकीकत बनाने के लिए वे अहर्निश जुटे हैं। उनका कहना है कि सोते-जागते हर वक्त उन्हें एक ही चिंता रहती है, यह कि मध्य प्रदेश समृद्ध हो, संपन्न हो और अपनी सांस्कृतिक धरोहरों के साथ आगे बढ़ता रहे।

मोहन यादव महाकाल की नगरी उज्जैन के निवासी है। उज्जैन में ही भगवान कृष्ण ने संदीपनी ऋषि के आश्रम में शिक्षा ली थी। मोहन यादव कहते हैं कि कंस-वध के बाद कान्हा जी चाहते तो खुद सिंहासन पर बैठ सकते थे। लेकिन उन्होंने कुर्सी की बजाय शिक्षा को चुना और उज्जैन चले आए। जहां सुदामा से उनकी ऐसी मित्रता हुई, जिससे दुनिया आज भी सीख लेती है। मोहन यादव ने कान्हा की याद में 'श्रीकृष्ण पाथेय' परियोजना की कल्पना की है। मोहन यादव कहते हैं कि कंस वध के बाद मथुरा से चलकर कृष्ण उज्जैन आए। यहां उन्होंने शिक्षा ली। 'श्रीकृष्ण पाथेय' के तहत उज्जैन को मथुरा से जोड़ने की योजना है। इस पथ पर तीन राज्य हैं। कृष्ण उत्तर प्रदेश के मथुरा से राजस्थान होते हुए मध्य प्रदेश के उज्जैन पहुंचे थे। श्रीकृष्ण पाथेय करीब साढ़े छह सौ किलोमीटर का होगा। इस पाथेय के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल से मोहन यादव की बात हो चुकी है। यह संयोग ही है कि भजनलाल और मोहन यादव ने तकरीबन साथ-साथ अपने-अपने राज्यों में कमान संभाली थी। मोहन यादव की योजना है कि इस पाथेय को गुजरात के द्वारका तक बढ़ाया जाए। इस सिलसिले में गुजरात सरकार से भी मध्य प्रदेश की बातचीत चल रही है। श्रीकृष्ण पाथेय सही मायने में सांस्कृतिक पथ होगा। मोहन यादव कहते हैं कि लोकजागरण भी उनकी जिम्मेदारी है। इस पाथेय के जरिए दुनिया को दो संदेश देने की कोशिश होगी, पहला शिक्षा का संदेश और दूसरा अमीर-गरीब की मित्रता का संदेश। समाज को जोड़ने में शिक्षा और मित्रता का योगदान अनमोल है। इस पाथेय पर श्रीकृष्ण जहां-जहां रूके, उन-उन जगहों, तीर्थों को विकसित करने और पाथेय पर हस्तशिल्प कलस्टर को बनाने की तैयार

ी है। इससे जहां पर्यटन बढ़ेगा, बल्कि लोगों को रोजगार भी मिलेगा। मध्य प्रदेश सरकार साल 2024 में लाड़ली बहना योजना पर 9 हजार 455 करोड़ रूपये से अधिक की राशि खर्च की है। जिसका फायदा राज्य की एक करोड़ 29 लाख महिलाओं को मिला है। बेशक ऐसी योजनाएं सरकारों के लिए फायदेमंद साबित हुई हैं, लेकिन एक वर्ग के निशाने पर भी ये योजनाएं हैं। मोहन यादव को भी पता है कि ऐसी कल्याणकारी योजनाओं को लंबे समय तक चलाना तभी संभव होगा, जब राज्य की आर्थिक सेहत अच्छी हो। इसलिए राज्य में इन्वेस्टर समिट किए जा गए। राज्य स्तर पर सातवां निवेशक सम्मेलन फरवरी 2025 में होना है। ये सम्मेलन संभागीय स्तर पर भी आयोजित किए जाते रहे। इन सम्मेलनों से अब तक राज्य को चार लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव मिल चुका है। जिसे और बढ़ाने की तैयारी है।

## बिजली चोरी या फिर अवैध निर्माण जवाबदेही तय हो

रोहित कौशिक

इस समय उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर बिजली विभाग किसी भी रूप से बिजली चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। अतिक्रमण करने और अवैध कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई कर अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है।

निश्चित रूप से समाज में संदेश जाना चाहिए कि जो भी गलत काम करेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसा संदेश जाएगा तो लोग अवैध काम करने से डरेंगे और बेहतर व्यवस्था और अच्छा समाज बनाने में मदद मिलेगी। लेकिन क्या ऐसी कार्रवाई करने की बात इतनी सरल है?

अनेक लोग इस तरह की कार्रवाई को गलत बता रहैहैं। कुछ लोगों का आरोप है कि राजनीतिक द्वेष के कारण भी इस तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या नियमित रूप से इस तरह की कार्रवाई की जाती है? क्या नियमित रूप से देखा जाता है कि कहां बिजली चोरी हो रही है, और कहां लोगों ने अवैध रूप से मकान बनाए हुए हैं, या कब्जे किए हुए हैं? हो सकता है कि अपवाद के तौर पर कहीं ऐसा होता हो लेकिन सामान्य तौर पर ऐसा नहीं होता। ज्यादातर मामलों में इस तरह की कार्रवाई किसी शिकायत या फिर अन्य कारणों से होती है। सवाल है कि सामान्य तौर पर ऐसी कार्रवाई क्यों नहीं होती? सामान्य तौर पर संबंधित कर्मचारी और अधिकारी क्या कर रहे होते हैं? कई मामलों में कर्मचारी और अधिकारी रित लेकर चुप हो जाते हैं, और अवैध काम की तरफ से मुंह मोड़ लेते हैं। निश्चित रूप से भारत लगातार विकास की राह पर अग्रसर है लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि देश में रित का खात्मा नहीं हो सका है। भरे बाजार में बिना नक्शा पास हुए बड़ी-बड़ी बिल्डिंग कैसे बन जाती हैं? किसी सुनसान जगह पर ऐसी बिल्डिंग बने तो बात समझ में आती है कि उस बिल्डिंग पर किसी अधिकारी की नजर नहीं पड़ी होगी।

## स्मृति शेष : भारत को दोबारा इतना शिक्षित, सरल और सौम्य प्रधानमंत्री मिलना नामुमकिन

गणेश साकल्ले

### मज़बूत मनमोहन सिंह को कांग्रेस के कर्णधारों ने ही कर दिया था कमजोर

प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की क़ाबिलियत का कांग्रेस हाई कमान ने सच में सदुपयोग किया होता तो शायद उसे आज ये दुर्दिन नहीं देखने पड़ते । पहला कार्यकाल तो उनका ठीक-ठाक रहा, लेकिन दूसरे दूसरे कार्यकाल में हाईकमान और उसके कारिंदों की दबी-कुची महात्वाकांक्षाए कुलाँचे मारने लगी। वह भी सत्ता के दोहन की। यह कब दुरूपयोगों में तब्दील हो गया इसकी हाईकमान को भनक तक नहीं लगी। जब चारों-ओर घपले-घोटालों की गूंज उठने लगी , तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

वर्ष 2005 में मुझे दिल्ली में डा. मनमोहन सिंह से मिलने और सीधी बात करने का मौका मिला। अवसर था तीन दिनी सोशल सेक्टर एडिटर कांफ्रेंस के अंतिम दिन प्रधानमंत्री का अपने निवास पर पत्रकारों से मिलने का। इस दौरान एक ग्रुप फोटो सेशन भी होना था, जिसके लिए एस.पी.जी. अधिकारियों ने सात कुर्सियां एक तरफ लगवाकर पत्रकारों को पहले ही उस स्थान पर खड़ा कर रखा था। मगर मैं तो दैनिक भास्कर के विशेष संवाददाता की हैसियत से गया था तो कुछ प्रश्न तो दिमाग में कौंध ही रहे थे, सो मैंने तरकीब लगाई कि फ़ोटो तो होती रहेगी, लेकिन कोई खबर नहीं निकाली तो यहाँ आने और पीएम से मिलने का क्या फ़ायदा? लिहाजा बातचीत के दौरान एक एस.पी. जी अधिकारी से मैंने पता कर लिया कि प्रधानमंत्री किधर से आएंगे और उस ओर अपनी दृष्टि जमा दी, जैसे ही डॉ. सिंह अपनी चिरपरिचित मुद्रा में उस बगीचे में आए, अपन ने उन्हें नमस्ते कर रोक लिया।

उन्होंने बताया कि आर्थिक मामलों पर लिखने वाले पत्रकारों से तो मैं अक्सर मिलता रहता हूं, लेकिन इस बार मेरी मंशा देश के विभिन्न राज्यों में सामाजिक विषयों पर कलम चलाने वाले कलमकारों से मिलने की थी। इसी उद्देश्य से पत्र सूचना कार्यालय की अगुवाई में यह सोशल सेक्टर एडिटर कांफ्रेंस का आयोजन किया गया, वह भी पहली बार। फिर मुस्कुराते हुए उन्होंने हमारी तरफ एक सवाल उछाला और पूछा कि कैसी रही आप लोगों की कांफ्रेंस? इतना सुनते ही मैंने तपाक से कहा कि सर, कांफ्रेस तो अच्छी रही, लेकिन हमें तीन सवालों के समाधान कारक जवाब आपके कोई भी मंत्री नहीं दे पाए। उन्होंने पूछा कि वो कौन से सवालात थे- मैंने उन्हें बताया कि पहला सवाल तो जनसंख्या के विस्फोट को रोकने के सरकारी प्रयासों पर था। इसके जवाब में डॉ. सिंह ने स्व. संजय गांधी के दौर में चलाए गए जबरन नसबंदी अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि जबर्दस्ती जनसंख्या नियंत्रण का वह प्रयोग सफल नहीं हुआ था, इसलिए हमारी सरकार जन जागरुकता और निःशुल्क निरोध बांटकर जनसंख्या वृद्धि दर को रोकने की कोशिश कर रही है।

फिर मेरा दूसरा सवाल यह था कि संसद में आपराधिक मुक़दमे दर्ज होने के बावजूद कई नेता चुनकर पहुंच रहे हैं। वहां बैठकर वे कानून बना रहे हैं।

## नए साल पर इन राशियों पर बरसेगी महादेव की कृपा, सूर्य की तरह चमक उठेगी किस्मत

नए साल का आगाज हो चुका है और इस साल कई बड़े ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। इस साल होने वाले कई ग्रह परिवर्तन से कई राशि के जातकों के जीवन में व्यापक बदलाव होगा। कई राशियों के जातकों के जीवन में खुशियों का आगमन होगा और उनके जीवन में आने वाली सभी परेशानियां दूर होंगी। इन राशि के जातकों को करियर और कारोबार में मनचाही सफलता मिलेगी और परिवार के साथ रिश्ते सुधरेंगे। इन जातकों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और इन राशि के जातकों पर भगवान शिव की विशेष कृपा बरसेगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि नए साल पर किन राशियों पर महादेव की कृपा

कर्क राशि इस राशि के जातकों के लिए भी नया साल बेहद शुभ होने वाला है। इस साल कर्क राशि के जातकों को शनि की ढैय्या से मुक्ति मिल जाएगी और कर्क राशि के स्वामी चंद्र देव और महादेव इस राशि के जातकों के आराध्य हैं। इसलिए नए साल के पहले दिन इस राशि के जातकों पर महादेव की विशेष कृपा बरसेगी। देवों के देव महादेव की कृपा से कर्क राशि के जातकों के सभी बिगड़े काम बन जाएंगे

## आधुनिकता के अनेक सार्थक पक्ष भी हैं जो समाज को बेहतर बनाते हैं

भारत डोगरा

आधुनिक समाज में अनेक स्तरों पर जटिलताएं बढ़ रही हैं। तकनीकी बदलाव तेजी से हो रहे हैं, और सामान्य जनजीवन पर उनका असर बड़े स्तर पर हो रहा है। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया को ही लें तो इनका बहुत व्यापक असर हुआ है।

दैनिक जीवन को हमने कई स्तरों पर कम समय में ही बदल दिया है। इनमें कुछ असर अच्छे हो सकते हैं, और कुछ बुरे। इस पर बहस हो सकती है, पर एक अधिक व्यापक सच्चाई यह है कि तकनीकी बदलाव में इतनी अधिक तेजी हुई है कि हमें उसे संतुलित और सुलझे हुए रूप में अपनाने के अवसर नहीं मिलते हैं। हम अभी संभलने की क्षमता प्राप्त कर ही रहे होते हैं कि तब तक बहुत कुछ गड़बड़ा जाता है।

मुद्दा केवल तकनीकी बदलाव का ही नहीं है, बल्कि इससे आगे यह भी है कि इस बदलाव को विशेष दिशा में धकेलने के प्रयास साथ-साथ होते हैं। ये प्रयास प्राय- किसी भले उद्देश्य से नहीं जुड़े होते हैं अपितु शक्तिशाली और अति साधन-संपन्न तत्वों के अपना मुनाफा, नियंत्रण और आधिपत्य बढ़ाने की संकीर्ण सोच से जुड़े होते हैं। तकनीकी बदलावों के साथ ही लोगों की सोच को और कायरे को प्रभावित करने वाले पुराने स्रोतों का महत्त्व तेजी से कम होने लगता है, जबकि नये स्रोत हावी होने लगते हैं। इस स्थिति में समाज में नैतिकता की जो बहुत महत्त्वपूर्ण स्थिति और पहचान है, वह भी बहुत प्रभावित होती और बदलती है। क्या बुरा है और क्या गलत है, ऐसे बुनियादी सवाल और उनके जवाब नई तरह से प्रभावित होने लगते हैं। ऐसी कई प्रवृत्तियों, जिन्हें सामाजिक बुराई के रूप में मान्यता मिली हुई थी और ऐसी मान्यता मिलना तथ्य आधारित था, को अब बुराई माना ही नहीं जाता। गलत राह से रोकने के लिए जो सोच समाज में मौजूद थी, वही खिसकने लगती है। इस तरह से एक ओर तो समाज में अनेक बुराइयां तेजी से फैल सकती हैं और इस कारण अनेक नये तनाव और समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसके साथ-साथ समाज में कई मुद्दों पर अनिश्चय बढने् की स्थिति आ सकती है। अनिश्चय की इस स्थिति के एक ओर तो अपने तनाव हैं और दूसरी ओर इसमें अनुचित तत्वों को अपना असर बढ़ाने के अधिक अवसर मिलते हैं। अत- ऐसे दौर और समय में रेखांकित करना और जोर देकर कहना बहुत जरूरी हो जाता है कि सामाजिक नैतिकता के अनेक शात तथ्य ऐसे हैं जो सदा महत्त्वपूर्ण और प्रासंगिक थे, आज भी हैं और सदा प्रासंगिक रहेंगे।

## कुंभ मेला कितनी तरह का होता है और यह कैसे एक-दूसरे से जुड़े हैं, जानिए इससे जुड़े महत्व

हर 12 साल के बाद महाकुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। कुंभ मेला दुनिया का सबसे विशाल, पवित्र, धार्मिक और सांस्कृतिक मेला है। यह मेला 45 दिनों तक चलता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि महाकुंभ मेला कब लगेगा और यह कितने प्रकार के होते हैं और कुंभ मेला की तिथि कैसे निर्धारित होती है। तो बता दें कि मेष राशि के चक्र में बृहस्पति, सूर्य और चन्द्रमा के मकर राशि में गोचर करने पर अमावस्या के दिन महाकुंभ मेला लगता है और यह मेला प्रयागराज में लगता है। कुंभ मेला या पूर्ण मेला साल 2013 में लगा था। अब कुंभ मेला 2025 में लगेगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि महाकुंभ मेला कब लगेगा और इस मेले से जुड़ी जरूरी बातों के बारे में... साल 2025 में महाकुंभ का स्नान 13 जनवरी 2025 को पौष पूर्णिमा से शुरू होगा। वहीं 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर शाही स्नान, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर शाही स्नान और 3 फरवरी को वसंत पंचमी का आखिरी शाही स्नान होगा।

## भारत में तेज गति से बढ़ती बिलिनेयर की संख्या

विशेष रूप से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को द्रुत गति से बढ़ाने में भारतीय मूल के इन नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता आया है। इस समय भारतीय मूल के एक करोड़ 80 लाख से अधिक नागरिक विभिन्न देशों में कार्य कर रहे हैं एवं प्रतिवर्ष वे अपनी कमाई का एक बड़ा हिस्सा भारत में जमा के रूप से भेजते हैं।

भारत में आर्थिक प्रगति की दर लगातार तेज होती दिखाई दे रही है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर भी अन्य देशों की तुलना में द्रुत गति से आगे बढ़ रही है। भारत आज विश्व की सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था आज विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था है तथा शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत का वैश्विक व्यापार भी द्रुत गति से आगे बढ़ रहा है। कुल मिलाकर, भारत आज अर्थ के क्षेत्र में पूरे विश्व में एक चमकते सितारे के रूप उभर रहा है। लगातार तेज तो रही आर्थिक प्रगति का प्रभाव अब भारत में नागरिकों की औसत आय में हो रही वृद्धि के रूप में भी दिखाई देने लगा है।


हाल ही में अमेरिका में जारी की गई यूबीएस बिल्यनेर ऐम्बिशन रिपोर्ट के अनुसार भारत में बिलिनेयर (अतिधनाडयों) की संख्या 185 तक पहुंच गई है और भारत विश्व में बिलिनेयर की संख्या की दृष्टि से तृतीय स्थान पर आ गया है। प्रथम स्थान पर अमेरिका है, जहां बिलिनेयर की संख्या 835 हैं एवं द्वितीय स्थान पर चीन है जहां बिलिनेयर की संख्या 427 है। इस वर्ष भारत और अमेरिका में जहां बिलिनेयर की संख्या में वृद्धि हुई है वहीं चीन में बिलिनेयर की संख्या में कमी आई है। अमेरिका में इस वर्ष बिलिनेयर की सूची में 84 नए बिलिनेयर जुड़े हैं एवं भारत में 32 नए बिलिनेयर (21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ) जुड़े हैं तो वहीं चीन में 93 बिलिनेयर कम हुए हैं। पूरे विश्व में आज बिलिनेयर की कुल संख्या 2682 तक पहुंच गई है जबकि वर्ष 2015 में पूरे विश्व में 1757 बिलिनेयर थे। भारत में वर्ष 2015 की तुलना में बिलिनेयर की संख्या में 123 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। बिलिनेयर अर्थात वह नागरिक जिसकी सम्पत्ति 100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गई है अर्थात भारतीय रुपए में लगभग 8,400 करोड़ रुपए की राशि से अधिक की सम्पत्ति।

पिछले एक वर्ष के दौरान भारत में उक्त वर्णित बिलिनेयर की सम्पत्ति 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 9,560 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई हैं। जबकि अमेरिका में बिलिनेयर की सम्पत्ति वर्ष 2023 में 4 लाख 60 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2024 में 5 लाख 80 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। चीन में तो बिलिनेयर की सम्पत्ति वर्ष 2023 में एक लाख 80 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर से घटकर वर्ष 2024 में एक लाख 40 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर की हो गई है। पूरे विश्व में बिलिनेयर की सम्पत्ति बढ़कर 14 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। उक्त प्रतिवेदन में यह सम्भावना भी व्यक्त की गई है कि आगे आने वाले 10 वर्षों में भारत में बिलिनेयर की संख्या में और तेज गति से वृद्धि होगी। भारत में 108 से अधिक पारिवारिक व्यवसाय में संलग्न परिवार भी हैं जो अपने व्यवसाय को भारतीय पारिवारिक परम्परा के अनुसार आगे बढ़ा रहे हैं और भारत में बिलिनेयर की संख्या में वृद्धि एवं भारतीय अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे रहे हैं।

भारतीय बिलिनेयर की संख्या केवल भारत में ही नहीं बढ़ रही है बल्कि अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीय भी बिलिनेयर की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं एवं वे अपनी आय के कुछ हिस्से को भारत में भेजकर यहां निवेश कर रहे हैं और इस प्रकार अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीय मूल के नागरिक भी भारत के आर्थिक विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। विशेष रूप से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को द्रुत गति से बढ़ाने में भारतीय मूल के इन नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता आया है। इस समय भारतीय मूल के एक करोड़ 80 लाख से अधिक नागरिक विभिन्न देशों में कार्य कर रहे हैं एवं प्रतिवर्ष वे अपनी कमाई का एक बड़ा हिस्सा भारत में जमा के रूप से भेजते हैं। हाल ही में वर्ल्ड बैंक द्वारा जारी किए गए एक प्रतिवेदन में यह बताया गया है कि वर्ष 2024 में 12,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर की भारी भरकम राशि अन्य देशों में रह रहे भारतीयों द्वारा भारत में भेजी गई है। भारत पिछले कई वर्षों से इस दृष्टि पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर कायम है। वर्ष 2021 में 10,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वर्ष 2022 में 11,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वर्ष 2023 में 12,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भारत में भेजी गई थी। प्रतिवर्ष भारत में भेजी जाने वाली राशि की तुलना यदि अन्य देशों में भेजी जा रही राशि से करें तो ध्यान में आता है कि वर्ष 2024 में मेक्सिको में 6,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भेजी गई थी, जिसे पूरे विश्व में इस दृष्टि से द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। मेक्सिको में भेजी गई राशि भारत में भेजी गई राशि की तुलना में लगभग आधी है। चीन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है एवं चीन में 4,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भेजी गई है, फ़िलिपीन में 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं पाकिस्तान में 3,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि अन्य देशों में रह रहे इन देशों के नागरिकों द्वारा भेजी गई है।

भारत में भारतीय नागरिकों द्वारा अन्य देशों से भेजी जा रही राशि में उत्तरी अमेरिका, यूरोप, खाड़ी के देशों एवं एशिया के कुछ देशों यथा मलेशिया एवं सिंगापुर का प्रमुख योगदान है। जैसा कि विदित ही है कि प्रतिवर्ष भारत से लाखों युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करने की दृष्टि से विकसित देशों की ओर जाते हैं। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत भारतीय युवा इन देशों में ही रोजगार प्राप्त कर लेते हैं एवं अपनी बचत की राशि का बड़ा भाग भारत में भेज देते हैं। आज तक भारतीय मूल के इन नागरिकों द्वारा एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भारत में भेजी गई है। भारत के लिए विदेशी मुद्रा भंडार के संग्रहण में यह राशि बहुत बड़ी भूमिका निभा रही है। वर्ष 2024 में पूरे विश्व में 68,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि विभिन्न देशों के नागरिकों द्वारा अपने अपने देशों को भेजी गई है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज काम का बोझ अधिक हो सकता है, लेकिन आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा प्रयास करेंगे, काम उतना ही बेहतर तरीके से होगा। आज किसी अनुभवी की राय आपके लिए बेहतर साबित हो सकती है।

वृष राशि : आज आपका सोचा हुआ काम पूरा हो सकता है। आसपास के लोगों से आपको सहयोग मिल सकता है। ऑफिस में आपको किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है।

मिथुन राशि : आज आप करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे। आप जिस किसी काम को करने का प्रयास करेंगे, उस काम में आपको अच्छी कामयाबी मिलेगी।

कर्क राशि : आज आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल हो सकते हैं। कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बन रहे हैं। नए कार्य प्रारंभ करने का मन बन सकता है।

सिंह राशि : आज आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। आय के नएस्त्रोत सामने आयेंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा।आज जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेगा।

कन्या राशि : आज आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हो सकती है। करियरमें आपको सफलता मिल सकती है। नौकरी के क्षेत्र में आपको सफलता मिल सकती है।

तुला राशि : आज आपको तनाव से मुक्ति मिल सकती है, जिससे आप काफी राहत महसूस करेंगे। रोजगार पाने में लोगों की मदद आपको मिलती रहेगी। परिवार वालों के साथ आप खुशियों के पल बिता सकते हैं।

वृश्चिक राशि: आज आपको कोई महत्वपूर्ण समाचार मिलेगा। कारोबार में कुछ नए लोग आपसे जुड़ सकते हैं। किसी महिला मित्र का सहयोग प्राप्त होगा।

धनु राशि: आज किस्मत का सहयोग मिलेगा। आपको नए लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। बिजनेस में विरोधियों से आपको बचकर रहना चाहिए।

मकर राशि : आज कार्यक्षेत्र में सीनियर्स का सहयोग मिलेगा।किसी काम में ज्यादा मेहनत और समय लग सकता है। आप रिश्तों में सुधार लाने की कोशिश कर सकते हैं।

कुंभ राशि: आज आपके व्यक्तित्व में निखार आ सकता है। व्यापारी वर्ग को अचानक से कोई बड़ा धन लाभ हो सकता है। आप अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव ला सकते हैं। आपका आत्मविश्वास बढ़ सकता है। करोबार में आ रही परेशानिया खत्म होंगी।

मीन राशि: आज भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नये कदम उठायेंगे। आपकी मेहनत रंग लायेगी। कारोबार में आपको लाभ ही लाभ होगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। घरेलू काम को निपटाने में आप सफल रहेंगे। ००



शिवसेना ( यूबीटी ) सांसद संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मौजूदा कार्यकाल के पूरा होने से पहले संभावित व्यवधान की भविष्यवाणी करते हुए केंद्र सरकार की स्थिरता पर संदेह जताया है। पत्रकारों से बात करते हुए, राउत ने अनुमान लगाया कि सरकार 2026 से आगे नहीं टिक पाएगी। उन्होंने कहा कि मेरे मन में संदेह है कि केंद्र सरकार 2026 के बाद भी जीवित रहेगी। मुझे लगता है कि मोदी अपना कार्यकाल पूरा नहीं करेंगे, और अगर केंद्र सरकार अस्थिर हो गई, तो इसका असर महाराष्ट्र पर भी पड़ेगा।

# इसरो ने लहराया भारत का परचम, स्पैडेक्स मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को स्पैडेक्स मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया, जिसका लक्ष्य अंतरिक्ष में डॉकिंग तकनीक में महारत हासिल करना है।

स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) मिशन के तहत दो उपग्रहों को 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी60 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया। रॉकेट ने दोनों उपग्रहों को कुछ दूरी पर एक ही कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्पैडेक्स तैनात! स्पैडेक्स उपग्रहों का सफल पृथक्करण भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक और मील का पत्थर है। इससे पहले रॉकेट की लॉन्चिंग पर उसने लिखा था, लिफ्टऑफ! पीएसएलवी-सी60 ने स्पैडेक्स और 24 पेलोड को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।

अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत अब डॉकिंग तकनीक में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बनेगा। अंतरिक्ष मामलों के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस सफलता पर एक्स पर लिखा, भारत अपने स्वदेशी रूप से विकसित 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' के माध्यम से अंतरिक्ष डॉकिंग की क्षमता की दिशा में कदम बढ़ाने वाले चुनिंदा देशों की सूची में शामिल होने वाला चौथा देश बन गया है। सिंह ने कहा कि यह तकनीक गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए आकाश से आगे की यात्रा का मार्ग प्रशस्त करेगी। इसरो ने कहा कि स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट) ऑर्बिटल डॉकिंग में भारत की क्षमता स्थापित करने के लिए एक अग्रणी मिशन है, जो भविष्य के मानव अंतरिक्ष उड़ान और उपग्रह सर्विसिंग मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीक है।

पीएसएलवी ने दो छोटे अंतरिक्ष यान ङ्क एसडीएक्स01 (जो डॉकिंग प्रयोग के दौरान चेजर की भूमिका निभाएगा) और एसडीएक्स02 (जो टारगेट की भूमिका निभाएगा) को लेकर उड़ान भरी। प्रत्येक का वजन लगभग 220 किलोग्राम था। उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में डॉकिंग के लिए एक साथ जोड़ा गया। इसरो करीब चार दिन में दोनों उपग्रहों के बीच पर्याप्त दूरी बनाने के बाद 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' के सॉफ्टवेयर को सक्रिय करेगा। इसमें चार डॉकिंग सेंसर, पावर ट्रांसफर प्रौद्योगिकी, स्वदेशी नवीन स्वायत्त डॉकिंग रणनीति, तथा उपग्रहों के बीच स्वायत्त संचार के लिए एक अंतर-उपग्रह संचार लिंक (आईएसएल) शामिल है। इसमें एक अंतर्निहित इंटेलिजेंस भी शामिल है जिससे दोनों उपग्रह एक-दूसरे की स्थिति का पता लगा सकते हैं। अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक में महारत हासिल करने से भारत न केवल अंतरिक्ष यात्रा करने वाले देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो सकता है। यह भारत के आगामी अंतरिक्ष अभियानों के लिए भी महत्वपूर्ण है, जिसमें चंद्रमा मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना और पृथ्वी से जीएनएसएस के समर्थन के बिना चंद्रयान-4 जैसे चंद्र मिशन शामिल हैं।

इसरो के अनुसार, डॉकिंग के बाद दोनों उपग्रहों के बीच बिजली का हस्तांतरण भी होगा, जो समग्र अंतरिक्ष यान नियंत्रण, और अनडॉकिंग के बाद पेलोड संचालन जैसे अंतरिक्ष रोबोटिक्स एप्लिकेशन के लिए आवश्यक है। स्पैडेक्स प्रयोगों के लिए पीएसएलवी के चौथे चरण, पीओईएम-4 का भी उपयोग करेगा। इस चरण में शैक्षणिक संस्थानों और स्टार्टअप्स के 24 पेलोड भी अंतरिक्ष में स्थापित किए जाएंगे।

### भारत-पाक बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने दी नव वर्ष की शुभकामनाएं

जम्मू (आरएनएस)। नव वर्ष 2025 को लेकर जम्मू-कश्मीर में भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया गया है। बीएसएफ के जवान यहां पर किसी भी चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं। कड़ाके की ठंड में यहां पर बीएसएफ के जवानों द्वारा बॉर्डर पर पैनी नजर रखी जा रही है। सुरक्षा को लेकर बीएसएफ जवानों की क्या-क्या तैयारियां हैं। इसे लेकर आईएएनएस ने कुछ बीएसएफ के जवानों से बात की।

बीएसएफ के एक जवान ने बताया कि चुनौती साल के 365 दिन रहती है, लेकिन जब कोहरा बढ़ता है तो चुनौती दोगुनी हो जाती है। चुनौती चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, हम दुश्मनों दूसरों को विफल करने का हर संभव प्रयास करते हैं और हम ऐसा करने में सफल भी होते हैं।



इसरो ने श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से दो अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग (स्पाडेक्स) उपग्रहों एसडीएक्स01 (चेजर) और एसडीएक्स02 (टारगेट) तथा 24 अन्य उन्नत पेलोड के साथ ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी-सी60) का सफलतापूर्वक



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज के नैनी में बायो सीएनजी प्लांट का उद्घाटन किया।

## भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बनने की ओर अग्रसर : अमित शाह

नई दिल्ली (आरएनएस)। नए साल की शुरुआत से पहले इसरो ने देशवासियों को खुशखबरी दी है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष में स्पैडेक्स मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इसरो के इस उपलब्धि पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खुशी जाहिर की।

एक्स पोस्ट में केंद्रीय गृहमंत्री ने लिखा कि भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बनने की ओर अग्रसर है। स्पैडेक्स मिशन के सफल प्रक्षेपण पर इसरो टीम को बधाई। यह एक शानदार सफलता है जो अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक में भारत के लिए एक नया रास्ता खोलती है। आगे की यात्रा के लिए हमारे प्रतिभाशाली लोगों को मेरी शुभकामनाएं।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि इसरो का नया कीर्तिमान। पीएसएलवी-सी60 रॉकेट द्वारा स्पैडेक्स मिशन के सफल लॉन्च पर इसरो की पूरी टीम को बधाई। इस अभियान की सफलता के साथ ही भारत ये तकनीक हासिल करने वाला चौथा देश बन जाएगा। 2024 के अंत में इसरो की यह महत्वपूर्ण उपलब्धि 140 करोड़ देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली है।

उल्लेखनीय है कि स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) मिशन के तहत दो उपग्रहों को 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी60 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया। रॉकेट ने दोनों उपग्रहों को कुछ दूरी पर एक ही कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया।

इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्पैडेक्स तैनात! स्पैडेक्स उपग्रहों का सफल पृथक्करण भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक और मील का पत्थर है।

इससे पहले रॉकेट की लॉन्चिंग पर उसने लिखा था, लिफ्टऑफ! पीएसएलवी-सी60 ने स्पैडेक्स और 24 पेलोड को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।

अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत अब डॉकिंग तकनीक में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बनेगा। अंतरिक्ष मामलों के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस सफलता पर एक्स पर लिखा, भारत अपने स्वदेशी रूप से विकसित 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' के माध्यम से अंतरिक्ष डॉकिंग की क्षमता की दिशा में कदम बढ़ाने वाले चुनिंदा देशों की सूची में शामिल होने वाला चौथा देश बन गया है। सिंह ने कहा कि यह तकनीक गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए आकाश से आगे की यात्रा का मार्ग प्रशस्त करेगी। इसरो ने कहा कि स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट) ऑर्बिटल डॉकिंग में भारत की क्षमता स्थापित करने के लिए एक अग्रणी मिशन है, जो भविष्य के मानव अंतरिक्ष उड़ान और उपग्रह सर्विसिंग मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीक है।

अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक में महारत हासिल करने से भारत न केवल अंतरिक्ष यात्रा करने वाले देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो सकता है। यह भारत के आगामी अंतरिक्ष अभियानों के लिए भी महत्वपूर्ण है, जिसमें चंद्रमा मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना और पृथ्वी से जीएनएसएस के समर्थन के बिना चंद्रयान-4 जैसे चंद्र मिशन शामिल हैं।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी तकनीकी को बढ़ावा मिला, हो गये बड़े-बड़े काम

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के लिए साल 2024 उपलब्धियों से भरा रहा। इस साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने स्वदेशी तकनीक सहित कई अन्य क्षेत्रों में विलक्षण काम कर पूरी दुनिया तक यह संदेश पहुंचाया कि हम किसी भी क्षेत्र में दुनिया के किसी भी देश से कम नहीं है।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) को सितंबर 2024 में अपनी पहली ड्राइवरलेस मेट्रो ट्रेन मिली है, जो 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत बनाई गई है। यह एक बड़ा कदम है और मेट्रो की तकनीकी उन्नति को दर्शाता है। इस ड्राइवरलेस ट्रेन में अत्याधुनिक स्वचालन और सुरक्षा प्रणालियां हैं, जो मेट्रो के संचालन को अधिक कुशल और सुरक्षित बनाती हैं। इससे मेट्रो सेवाओं का संचालन और भी बेहतर और निर्बाध होगा। भारत की पहली वंदे मेट्रो, जो कम दूरी की यात्रा के लिए डिजाइन की गई एक नई शहरी ट्रांसपोर्ट प्रणाली है। सितंबर 2024 में अहमदाबाद में लॉन्च की गई। इस मेट्रो को नमो भारत रैपिड रेल नाम दिया गया है और यह अहमदाबाद और भुज के बीच चलेगी। यह परियोजना प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसमें भारत के बुनियादी ढांचे को टिकाऊ और सुलभ बनाना और उसे आधुनिक बनाना शामिल है।




राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के विधायकों ने पटना में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई) 2024 में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं के खिलाफ राजभवन की ओर विरोध प्रदर्शन किया।

## भाजपा कार्यालय में आम आदमी पार्टी के खिलाफ लगाई गई प्रदर्शनी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए तमाम राजनीतिक पार्टियों ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। विरोधी दलों की खामियां और अपनी खूबियां बता रही हैं। इसी क्रम में भाजपा ने कुछ अनूठा किया है। अपने कार्यालय में प्रदर्शनी लगाई है। इसमें दिल्ली का वायु प्रदूषण, यमुना प्रदूषण, टूटी हुई सड़कें, शराब घोटाला सहित कई मुद्दों को हाईलाइट किया गया है। इस प्रदर्शनी में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को लेकर प्रदर्शनी लगाई गई है। भाजपा ने कथित घोटालों को उजागर किया है। आप के तीन कद्दावरों को भ्रष्टाचार के तीस मार खान करार दिया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पिछले दस वर्षों में जनता के लिए अरविंद केजरीवाल ने कुछ नहीं किया है। अब नई दिल्ली विधानसभा में अपनी कमजोर होती स्थिति देखकर वोटर लिस्ट के मुद्दे पर अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। दिल्ली के निवासी जानते हैं कि सभी निवासियों के पहचान पत्र में मकान नंबर व स्थानीय पता दर्ज होता है, लेकिन केजरीवाल के राज में मकान संख्या 0 (शून्य) पर 144 वोटरों के नाम दर्ज होना चुनावी धांधली का स्पष्ट प्रमाण है।

## अयोध्या से लेकर यूएई तक भारत की समृद्ध संस्कृति का लहराया परचम

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 10 साल में भारत ने सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने मजबूती के साथ प्रदर्शित किया है। साल 2024 में सांस्कृतिक पुनर्जागरण के एक नए युग की शुरुआत हुई। 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो फरवरी 2024 में यूएई में भव्य मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हुआ। दुनिया ने सनातन का डंका बजते देखा। 500 साल के बाद भगवान राम का आगमन अयोध्या में हुआ। यहां पर प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद से अब तक करोड़ो भक्त अयोध्या पहुंचे। चहुमुखी विकास हुआ। पर्यटन को बढ़ावा मिला तो रोजगार के कई अवसर भी पैदा हुए। 2024 की विदाई देते हुए नव वर्ष में हम महाकुंभ जैसे भव्य आयोजन संग प्रवेश कर रहे हैं।13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाला महाकुंभ हमारे देश की समृद्ध, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने प्रदर्शित करेगा। इस वर्ष की शुरुआत अयोध्या में श्री राम लला की ऐतिहासिक प्राण-प्रतिष्ठा के साथ हुई, जिसने लाखों लोगों के सदियों पुराने सपने को पूरा किया। श्री राम अपने जन्मस्थान पर लौटे। 2024 में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की सभ्यतागत विरासत और सांस्कृतिक गौरव का उल्लेखनीय कायाकल्प हुआ। अयोध्या राम मंदिर में श्री राम लला का अभिषेक एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक और सांस्कृतिक क्षण था, जिसने दुनिया भर के हिंदुओं की सदियों पुरानी आकांक्षा को पूरा किया। इस घटना ने भारत की सभ्यतागत कथा में अयोध्या के स्थायी महत्व को रेखांकित किया। पीएम मोदी द्वारा अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर, बीएपीएस मंदिर का उद्घाटन भारत की सांस्कृतिक कूटनीति की सफलता का ऐतिहासिक क्षण था।

## निर्मला देवी की 'ग्रीन आर्मी' को पीएम मोदी से मिली प्रशंसा, सामाजिक बदलाव में अहम योगदान

नई दिल्ली (आरएनएस)। वाराणसी के पास स्थित देवरा गांव की सशक्त महिला नेता निर्मला देवी ने अपनी 'ग्रीन आर्मी' के साथ मिलकर समाज में बदलाव की एक नई मिसाल पेश की है। महिलाएं, जिन्हें 'ग्रीन आर्मी' के नाम से जाना जाता है, वे संघर्ष और सामूहिक प्रयासों से समाज में बदलाव ला रही हैं। हाल ही में, इन महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एक प्रेरणादायक पत्र मिला है। जिसमें उनकी मेहनत और समर्पण को सराहा गया है। इसमें उनके चप्पल कारखाने की भी सराहना की गई है। पीएम नरेंद्र मोदी का ये पत्र न केवल महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ावा देता है, बल्कि यह उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की भी मान्यता है। मोदी आर्काइव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मंगलवार को एक वीडियो पोस्ट किया है। जिसमें देवरा गांव की 'ग्रीन आर्मी' को सराहा गया है। इस क्लिप में ग्रीन आर्मी की निर्मला देवी की भावनाओं को सम्मान दिया गया है। जो वीडियो में एक जगह कहती हैं- 'अगर वह इसे पहनेंगे, तो हर कोई पहनेगा!



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना स्थित राजभवन में नवनियुक्त बिहार के रा%यपाल आरिफ मोहम्मद खान का स्वागत किया.




नए साल पर नए साल 2025 की शुभकामनाओं वाले रंगीन हाथ और चेहरे की पेंटिंग के साथ तस्वीरें खिंचवाती लड़कियां।

## गौरव भाटिया बोले, अरविंद केजरीवाल करते हैं दिखावे की राजनीति, शराब कारोबारियों के साथ इलू-इलू


नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उनका कहना है कि अरविंद केजरीवाल फरेबी हो गए हैं।

गौरव भाटिया ने भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली के लोग, जो बेहतर के हकदार हैं, उन्हें एक ऐसी सरकार मिले जो उनकी अच्छी तरह से सेवा करे।

गौरव भाटिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक कट्टर बेईमान अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना अब बच्चों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। 30 दिसंबर, 2024 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एक आदेश पारित करता है और केजरीवाल व दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए उस वीडियो को हटाने का आदेश दिया है, जिनमें बच्चों को राजनीतिक अभियान में भाग लेते हुए दिखाया गया है। केजरीवाल व दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना की ये पोस्ट भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करती है, लेकिन इस पोस्ट को अभी तक नहीं हटाया गया है।

भाजपा प्रवक्ता ने आगे कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब अरविंद केजरीवाल ने भारत और दिल्ली के भविष्य हमारे बच्चों के साथ इस तरह का व्यवहार किया है। उन्होंने क्लासरूम और बाथरूम घोटाले की भी जिक्र किया। गौरव भाटिया ने कहा कि इन्होंने कहा कि दिल्ली के बच्चे, हमारे बच्चे अब क्लासरूम में नहीं पढ़ेंगे। ये टॉयलेट सीट पर बैठकर पढ़ेंगे क्योंकि टॉयलेट ही क्लासरूम है। ये दूरदर्शिता थी। शराब कारोबारियों के साथ इलू इलू, लेकिन दिल्ली के बच्चों के साथ टॉयलेट सीट पर बैठो और पढ़ाई करो क्योंकि ये ही क्लासरूम है। उन्होंने आगे कहा कि जब अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री थे तब इन्हें बच्चों के साथ खड़ा होना था। लेकिन, तब इनके मंत्री सत्येंद्र जैन %द रेपिस्ट% को थेरेपिस्ट बनाए हुए थे। जेल की सलाखों के पीछे मसाज ले रहे थे।

उन्होंने आरोप लगाया कि अगर कोई दिखावे की राजनीति करता है, तो वो अरविंद केजरीवाल करते हैं। 10वीं और 12वीं के बच्चे परीक्षा में फेल हो जाते हैं, तब इनको लगा कि हमारी साख पर बट्टा लेगा। फिर इन्होंने 9वीं और 11वीं के बच्चों को अच्छी शिक्षा तो नहीं दी, लेकिन उनको फेल करना शुरू कर दिया।



मुंबई. बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान स्टारर फिल्म सिकंदर के टीजर ने यूट्यूब पर 24 घंटे में 48 मिलियन व्यूज हासिल कर लिए हैं. सलमान खान की फिल्म सिकंदर का मच अवेटेड टीज़र आते ही इंटरनेट पर छा गया है. यूट्यूब पर रिलीज़ के सिर्फ 24 घंटे में इसे 48 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है. ये रिकॉर्ड तोड़ते हुए वर्ल्डवाइड म1 ट्रेंडिंग वीडियो बन गया है, और इस तरह से इसे हर घंटे 2 मिलियन व्यूज मिल रहे हैं. टीज़र की शुरुआत सलमान खान के जबरदस्त किरदार सिकंदर से होती है, जो रहस्यमयी, दमदार और बेहद करिश्माई नजर आता है.



# डेनिम बॉडीकॉन ड्रेस पहन एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने दिखाई हॉटनेस, लेटेस्ट फोटोज देख दिल हार बैठेंगे आप

साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना तमन्ना भाटिया आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं है। उन्होंने ना सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि अपनी अदाकारी से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने अपनी बेहद ही खूबसूरत तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका सेक्सी अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।



बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। विजय वर्मा के साथ उनके रिलेशनशिप की खबरें इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब चर्चाओं में हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद स्टनिंग फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान डेनिम आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें उनकी हॉटनेस देखकर लोगों के होश उड़ गए हैं।

कर्ली बाल और वाइन हील्स पहनकर तमन्ना भाटिया ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस अपन इस लुक में गजब की खूबसूरत नजर आ रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। भरपूर प्यार मिल रहा है। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की इन फोटोज को पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अबतक 3 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स कर दिए हैं। वहीं, कुछ यूजर्स ने सुंदर, इंडियन ब्यूटि, सुपर्ब, गॉर्जियस जैसे कॉमेंट्स कर के अपने रिएक्शंस दिए हैं।

**100 करोड़ क्लब में एंट्री लेने से कुछ कदम दूर मुफासा, वीकेंड पर लगाई लंबी छलांग**

बैरी जेनकिंस की निर्देशित डिज्नी की सबसे चर्चित प्रीक्वल और द लायन किंग (2019) की सीक्वल ने पिछले 8 दिनों में शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर, हॉलीवुड फिल्म ने सिनेमाघरों में अपने नौ दिनों के प्रदर्शन के दौरान 83.97 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म को भारतीय दर्शकों का

## फिल्म डाकू महाराज से नंदमुरी बालकृष्ण का नया पोस्टर जारी

डाकू महाराज में बालकृष्ण का सामूहिक अवतार सबको चौंका देगा। बालकृष्ण अपनी आगामी सामूहिक एक्शन एंटरटेनर डाकू महाराज के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए कमर कस रहे हैं। बॉबी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 12 जनवरी 2025 को एक शक्तिशाली संक्रांति स्पेशल के रूप में भव्य रिलीज के लिए तैयार है।

निर्माता दिलचस्प और रोमांचक पोस्टर के साथ फिल्म प्रेमियों को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। निर्माताओं ने एक नया पोस्टर जारी किया जिसमें बालकृष्ण को जीप चलाते हुए दिखाया गया है। बालकृष्ण लाल शर्ट और नीली जींस में भारी भरकम दिख रहे थे और जीप चलाते हुए पीछे की ओर देख रहे थे। पोस्टर देखकर प्रशंसक खुशी से झूम उठे हैं और उन्हें भरोसा है

# मिसमैच्ड 3 पर अहसास चन्ना ने कहा, ऐसा जटिल किरदार मैंने पहले कभी नहीं निभाया

अभिनेत्री अहसास चन्ना ने मिसमैच्ड 3 में अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि इस तरह का जटिल किरदार उन्होंने पहले कभी नहीं निभाया। अहसास चन्ना ने कहा, मिसमैच्ड में मेरा किरदार पिछले सीजन से थोड़ा हटकर है। इस बार मेरे किरदार में कुछ अलग देखने को मिलेगा।

बेशक आपको अनमोल और विन्नी का इसमें रोमांटिक रिश्ता देखने का मिलता है, मिसमैच्ड इन युवाओं के रोमांटिक रिश्तों के बारे में ही है।

यह पूछे जाने पर कि यह उनके पहले के किरदारों से इस बार की किरदार कितना अलग है, उन्होंने कहा, यह निश्चित रूप से मेरे पहले के किरदारों से बहुत अलग है। वह बहुत जागरूक है और सही-गलत में अंतर जानती है और नैतिकता की बहुत मजबूत समझ रखती है। मैंने पहले कभी इस तरह का किरदार नहीं निभाया जो इतना जटिल हो। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि वेब सीरीज एक पैटर्न में आ गई है और इसे फिर से बनाने की जरूरत है, तो अभिनेत्री ने कहा कि वह इस सवाल का जवाब देने के लिए बहुत छोटी हैं। अहसास ने कहा: हां, मैंने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई तरह के किरदारी निभाए हैं। उनमें से प्रत्येक एक-दूसरे से बहुत अलग हैं। अहसास ने कहा, मैंने इस



पर बहुत ज्यादा विचार नहीं किया है। हमारे फिल्म अभिनेता और टीवी अभिनेता ज्यादा लोकप्रिय हैं। लेकिन ऐसा इसलिए भी है क्योंकि उनके पास ज्यादा फॉलोअर्स हैं। ओटीटी एक प्लेटफॉर्म के रूप में अन्य दो की तुलना में बहुत नया है। लेकिन ऐसा कहने के बाद मुझे नहीं लगता कि अभी किसी भी माध्यम के बीच कोई स्पष्ट अंतर है।

## श्रृंगारिका का टीजर हुआ रिलीज, जनवरी 2025 में आएगा अतरंगी ऐप पर

अतरंगी ऐप पर जल्द ही रिलीज होने वाली सीरीज 'श्रृंगारिका' का टीजर हाल ही में लॉन्च किया गया है. यह मिस्ट्री, रोमांस और जादू से भरपूर सीरीज जनवरी 2025 में प्रीमियर के लिए तैयार है. 'श्रृंगारिका' की कहानी एक ऐसी दुनिया में ले जाएगी, जहां प्यार और विश्वासघात के बीच जंग होती है और भाग्य अपने राज खोलता है. इस टीजर ने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है, और इसकी भव्यता और रोमांचक कहानी ने सोशल मीडिया पर चर्चा का माहौल बना दिया है.

अतरंगी ऐप ने हमेशा अनोखे और मनोरंजक कंटेंट प्रस्तुत किए हैं, और 'श्रृंगारिका' इस परंपरा को आगे बढ़ाने का वादा करती है. यह सीरीज सिर्फ अतरंगी ऐप पर उपलब्ध होगी. तो तैयार हो जाइए एक रोमांचक सफर के लिए, जहां प्यार और जादू की दुनिया में आपको डुबकी लगाने का मौका मिलेगा. 'श्रृंगारिका' जनवरी 2025 में आपका इंतजार कर रही है.

शो की कहानी एक रानी श्रृंगारिका के जीवन पर आधारित है, हालांकि किरदार के बारे में यादा कुछ नहीं बताया गया है, टीज़र की शुरुआत एक राजा से होती है जो एक महल में रहता है जहाँ उसकी रानी उसके साथ होती है।

बैकग्राउंड में आवाज़ सुनाई देती है जो इसे एक राजा और उसकी प्रेमिका की कहानी बताती है, यह रहस्य, विश्वासघात और नफ़रत की कहानी भी है। टीज़र में आगे राजा और रानी की झलक दिखाई गई है।

इस बीच, कुछ दृश्यों में राजा उग्र मूड में है, और कुछ दृश्यों में वह रानी से भिड़ता हुआ दिखाई देता है, एक दृश्य ऐसा भी है जहाँ राजा की शादी दिखाई जाती है। वह अपनी दुल्हन के साथ महल के अंदर प्रवेश कर रहा है। आवाज़ आगे कहती है कि यह एक राजा के रहस्य और उसकी रानी की नियति की कहानी है।

# वाइल्ड फायर बनी पुष्पा 2, बॉक्स ऑफिस पर बरकरार है अल्लू अर्जुन की फिल्म का दबदबा

बॉक्स ऑफिस पर अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2: द रूल' का जलवा बरकरार है. इस फिल्म की कमाई की रफ्तार जारी है. कुछ दिनों पहले ही देशभर में फिल्म ने 1000 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया था और अब इसकी कमाई 1100 करोड़ से ज्यादा हो चुकी है. 24वें दिन फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल आया है. चलिए आपको बताते हैं कि अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2: द रूल' ने भारत में अब तक कितने करोड़ की कमाई कर ली है.

अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2: द रूल' साल 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने पहले हफ्ते 725.8 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. दूसरे हफ्ते 264.8 करोड़ रुपये की कमाई हुई. तीसरे हफ्ते फिल्म ने 129.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. वहीं, 'पुष्पा 2: द रूल' ने चौथे शुक्रवार को 8.75 करोड़ रुपये का बिजनेस किया.

अब चौथे शनिवार की कमाई का लेटेस्ट आंकड़ा सामने आ गया है. सैकनिल्क के अनुसार, अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2: द रूल' ने 24वें दिन देशभर में 12.5 करोड़ रुपये की कमाई की है. इस तरह भारत में फिल्म अब तक 1141.35 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर चुकी है. इसमें हिंदी वर्जन का कलेक्शन 700 करोड़ रुपये है. इसके साथ ही 'पुष्पा 2: द रूल' अल्लू अर्जुन के करियर की हाईएस्ट ग्रोसिंग फिल्म बन चुकी है.

वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो 'पुष्पा 2: द रूल' दुनियाभर में 1700 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर चुकी है. यह आमिर खान की 'दंगल' और प्रभास की 'बाहुबली 2' के बाद सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तीसरी इंडियन फिल्म बन गई है. अगर इसी रफ्तार से अल्लू अर्जुन की फिल्म कमाई करती रही तो बहुत जल्द 'बाहुबली 2' का रिकॉर्ड टूट सकता है. गौरतलब है कि अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2: द रूल' का डायरेक्शन सुकुमार ने किया है और कहानी भी उन्होंने ही लिखी है. इसमें रश्मिका मंदाना, फहद फाजिल, जगपति बाबू, सुनील और राव रमेश जैसे सितारे अहम किरदारों में हैं. फिल्म का पहला पार्ट पुष्पा: द राइज' साल 2021 में आई थी जो बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई.

**वरुण धवन की बेबी जॉन की हालत खराब, चार दिन में भी नहीं कमाए 25 करोड़**

वरुण धवन पिछली बार फिल्म स्त्री 2 में कैमियो करते दिखे थे और इस फिल्म में उनकी खूब तारीफ हुई थी। पिछले दिनों क्रिसमस के मौके पर वह फिल्म बेबी जॉन लेकर सिनेमाघरों में हाजिर हुए।उनकी इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर इतना बुरा हश्र होगा, यह खुद वरुण ने नहीं सोचा था।फिल्म पहले ही दिन से बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही है और हाल देख तो लग रहा है कि यह फिल्म सुपरफ्लॉप होने वाली है।

## किरण अब्बावरम की दिलरुबा की शूटिंग पूरी, फरवरी में बड़े सिनेमाघरों में होगी रिलीज

युवा और प्रतिभाशाली नायक किरण अब्बावरम आगामी फिल्म दिलरुबा में अभिनय कर रहे हैं, जिसमें रुखसार ढिल्लन मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का निर्माण शिवम सेल्युलॉइड्स और प्रसिद्ध संगीत लेबल सारेगामा द्वारा उनकी प्रोडक्शन कंपनी ए यूडल फिल्म के तहत संयुक्त रूप से किया जा रहा है। निर्माता रवि, जोजो जोस, राकेश रेड्डी और सारेगामा हैं। विश्व करुण द्वारा निर्देशित, दिलरुबा फरवरी में सिनेमाघरों में भव्य रिलीज के लिए तैयार है।

दिलरुबा की शूटिंग हाल ही में पूरी हुई है, फिल्म को शानदार और दुर्लभ स्थानों पर शूट किया गया है, जो उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादन को दर्शाता है। इस अवसर पर, निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म का पहला लुक और टीज़र जल्द ही जारी किया जाएगा। दिलरुबा शीर्षक को पहले से ही शानदार प्रतिक्रिया मिली है,

# हर बात पर हो जाता है मूड खराब, खाने में इन फूड को करें शामिल, स्ट्रेस लेवल होगा कम

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव या स्ट्रेस एक आम समस्या बन चुकी है. इसका सीधा असर हमारे मूड पर पड़ता है. मूड खराब होना, चिड़चिड़ापन महसूस करना आदि, तनाव के सामान्य लक्षण हैं. इसका कारण होता है कार्टिसोल हार्मोन का बढ़ना.कई बार शरीर में मैग्नीशियम की कमी के कारण यह समस्या और बढ़ जाती है. ऐसे में मैग्नीशियम से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन आपके तनाव को कम करने और मूड को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है. अगर आप भी स्ट्रेस से परेशान हैं, तो अगली बार इन हेल्दी स्नैक्स को आजमाएं. ये न केवल आपके मूड को बूस्ट करेंगे, बल्कि आपकी सेहत के लिए भी फायदेमंद होंगे.



हल्दी वाली लस्सी

हल्दी वाले दूध के फायदे तो आपने सुने होंगे, लेकिन अब हल्दी वाली लस्सी का स्वाद और फायदा लें. हल्दी वाली लस्सी तनाव कम करने में बहुत कारगर है. इसे बनाने के लिए दही में हल्दी, शहद, पंपकिन सीड्स और बारीक कटे बादाम मिलाएं. यह जिंक और मैग्नीशियम से भरपूर होती है, जो कार्टिसोल लेवल को कम करती है और मूड को बेहतर बनाती है.

सफेद चने का सलाद

सफेद चने का सलाद न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि यह आपकी सेहत के लिए भी लाभकारी है. इसे बनाने के लिए उबले हुए सफेद चनों में खीरा, टमाटर, जीरा पाउडर, काली मिर्च, नींबू का रस और काला नमक मिलाएं. यह सलाद फाइबर, विटामिन ष्ट और मैग्नीशियम से भरपूर है, जो आपको दिनभर ऊर्जावान बनाए रखता है और तनाव को दूर करता है

अलसी और ज्वार के लड्डू

अलसी और ज्वार से बने लड्डू न केवल टेस्टी होते हैं, बल्कि ये आपके कार्टिसोल लेवल को भी कंट्रोल करते हैं. इन्हें आप आसानी से घर पर बना सकते हैं. ये लड्डू मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं और आपका मूड बूस्ट करने में मदद करते हैं.

हल्दी दूध और अखरोट

रात को सोने से पहले हल्दी वाला गर्म दूध पीना शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है. इसमें अगर बारीक कटे हुए अखरोट डाल दिए जाएं, तो इसका असर और बढ़ जाता है. यह मैग्नीशियम और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो न केवल तनाव को कम करता है, बल्कि आपको बेहतर नींद भी देता है. घी में रोस्ट मखाने मखाने, जो मैग्नीशियम का एक अच्छा स्रोत हैं, को घी में भूनकर खाना न केवल टेस्टी है, बल्कि यह आपकी सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद है. यह स्नैक ओमेगा-3 फैटी एसिड की कमी को पूरा करता है और स्ट्रेस लेवल को भी कम करता है.

# सर्दी में बंद नाक खोलने का सबसे सेफ तरीका, मिनटों में मिलेगा आराम



सर्दियों में अक्सर लोग बंद नाक, खांसी और गले में दर्द से परेशान रहते हैं. रेस्पिरेटरी संबंधी समस्याओं के होने की वजह से लोगों को सांस लेने तक में दिक्कत होती है. सर्दी में सुबह-सुबह नहाकर घर से बाहर निकलते ही अक्सर लोगों की नाक जाम होने लगती है. गिरते तापमान और दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण की वजह से भी कई बार लोगों की नाक बंद हो जाती है. इसके अलावा सर्दी में नाक बंद होने का कारण जुकाम, फ्लू या साइनस संक्रमण, एलर्जी हो सकती है. इसके अलावा शराब का सेवन और तनाव की वजह से भी लोगों की नाक बंद हो जाती है. आइए जानते हैं कि कौन से घरेलू नुस्खें ऐसे हैं जिनसे बंद नाक का उपचार किया जा सकता है.

गर्म पानी की भांप लें

सर्दी में बंद नाक से परेशान हैं तो आप गर्म पानी की भांप लें. भांप लेने से ना सिर्फ बंद नाक खुलेगी बल्कि सर्दी जुकाम का भी इलाज होगा. भांप लेने के लिए आप पानी में विक्स डालकर भी भांप ले सकती हैं.

तुलसी के पत्ते और काली मिर्च की चाय पीएं

बंद नाक को खोलने के लिए आप काली मिर्च और तुलसी के पत्तो की चाय का सेवन दिन में दो बार रोजाना करें. काली मिर्च और तुलसी के पत्ते इम्युनिटी स्ट्रॉन्ग करेंगे और बंद नाक उपचार भी करेंगे.

लहसुन के पानी का सेवन करें

बंद नाक को खोलने के लिए आप लहसुन की दो बालियों को एक गिलास पानी में मिला लीजिये और उस पानी को 5-6 मिनट तक पकाएं और गुनगुना ही इसका सेवन करें. दिन में दो बार इस पानी का सेवन करने से बंद नाक से निजात मिलेगी.

नारियल तेल की बूंदें नाक में डालें

बंद नाक से परेशान हैं तो नारियल तेल की कुछ बूंदें नाक में डालें आपको बेहद फर्क महसूस होगा.

मास्क लगाना न भूलें घर से निकलते ही नाक बंद होने लगती है तो आप मुंह पर मास्क लगाएं. मास्क लगाने से आपको डस्ट से एलर्जी होने का खतरा नहीं रहेगा और नाक भी जाम नहीं होगी.

## शब्द सामर्थ्य -282

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 281 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना मझौली में अनिल पटैल उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम कंजई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह इलेक्ट्रानिक तराजू सेल्स एण्ड सर्विस का काम करता है त्यागी आश्रम के सामने सब्जी मंडी मझौली में जय मां इलेक्ट्रानिक्स नाम से दुकान संचालित करता है, दिनांक 30-12-24 को दोपहर लगभग 2-30 बजे अपने मझौली स्थित मकान में ताला लगाकर परिवार सहित पेतृक गांव ग्राम कंजई चला गया था उसका भनेज सुधांशु पटैल दुकान में था दोपहर लगभग 3-50 बजे सुधांशु ने उसे फोन कर बताया कि घर का सामान फैला हुआ पड़ा है



# शहर को सुन्दर बनाने एक साथ सभी संभागों में चला फुटपाथ, डिवाईडर धुलाई अभियान - निगमायुक्त प्रीति यादव

**शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सबकी है जिम्मेदारी - स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में बेहतर प्रदर्शन करने लगातार चलाया जा रहा है स्वच्छता अभियान - निगमायुक्त**





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 के लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार शहर को सुन्दर बनाने के लिए शहर के सभी वार्डो में फुटपाथ एवं डिवाईडर धुलाई कराने का अभियान चलाया जा रहा है। फुटपाथ एवं डिवाईडर धुलाई अभियान के संबंध में निगमायुक्त श्रीमती यादव ने बताया कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शहर को सुन्दर बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है और स्वच्छता का भी अपना एक अलग महत्व होता है। इसके लिए उनके द्वारा विशेष प्रयास किये गए हैं।

इस संबंध में उपायुक्त संभव अयाची और स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल ने बताया कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता के अभियान के कारण जबलपुर की तस्वीर बदलती नजर आ रही है और इसका सुंदर स्वरूप भी दिखने लगा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार चलाया जा रहा स्वच्छता का अभियान गति पकड़ रहा है और नियमित रूप से शहर के फुटपाथ, डिवाईडर, स्वच्छता के मेसेज की धुलाई एवं अन्य प्रमुख स्थलों की व्यापक सफाई कराकर उनकी धुलाई कराई जा रही है जिससे ये सभी क्षेत्र अब चमकने लगे हैं। यह कार्यक्रम आगे लगातार चलेगा ताकि शहर को धूल मुक्त बनाया जा सकते साथ ही एक्यूआई एयर क्वालिटी में भी सुधार हो सके।

अभियान के समय समस्त मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक एवं सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे।

## हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में निशुल्क माघ मास कल्पवास का 10 वा वर्ष के पत्रक पूजन संपन्न



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर मां नर्मदा बाणगंगा के संगम हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में 10 वे वर्ष में निशुल्क माघकल्प वास का आयोजन 13 जनवरी पोष पूर्णिमा पर संत महात्माओं के शाही स्नान से 12 फरवरी माघ पूर्णिमा तक किया जाएगा कुंभ के कारण विशेष तैयारी की गई है

**13 जनवरी से 12 फरवरी तक**

जिसका पत्रक पूजन नरसिंह पीठाधीश्वर नरसिंह दास जी महाराज ने विधि विधान से बटुक ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोचार के साथ संपन्न हुआ

निशुल्क माघ मास कल्पवास में निशुल्क रहने एवं भोजन की व्यवस्था रहती है श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रतिदिन होता है

इस अवसर पर नर्मदा में महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल डॉ शिव शंकर पटेल पं मनमोहन दुबे कल्पवास प्रमुख पप्पू चौबे सह प्रमुख श्याम मनोहर पटेल प्रशासनिक प्रमुख विनोद दीवान 56 भोग प्रमुख मनोज गुलाबबनी सुहागले प्रमुख कैलाश विश्वकर्मा मोहित तिवारी उपस्थित थे

## महाकुम्भ 2025 के लिए रेलवे स्टेशनों पर विशेष चिकित्सा व्यवस्था

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महाकुम्भ 2025 के दौरान भारतीय रेलवे ने प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की हैं। इन सुविधाओं में 24×7 ऑब्जर्वेशन रूमों की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सके। पिछले महाकुम्भ के दौरान 1 लाख श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा सहायता दी गई थी, और इस बार रेलवे एक बड़ी संख्या में यात्रियों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवा देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

विशेष चिकित्सा सेवाएं

महाकुम्भ के दौरान यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन, सुबेदारगंज, नैनी जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं। इन रूम्स में हमेशा डॉक्टर और अन्य मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे। यहां सभी




**स्टेशनों पर बनाए जा रहे ऑब्जरवेशन रूम**

आवश्यक चिकित्सा उपकरण मौजूद होंगे, जिससे यात्रियों को त्वरित उपचार प्रदान किया जा सके। आधुनिक चिकित्सा उपकरण ऑब्जर्वेशन रूम और अन्य चिकित्सा केंद्रों में निम्नलिखित चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे–? श्वष्ट्र मशीन- हृदय संबंधित समस्याओं की त्वरित पहचान के लिए।? डिफ़िब्रिलेटर- दिल के रुकने पर उसे सामान्य करने के लिए।? ऑक्सीजन कन्सेन्ट्रेटर- ऑक्सीजन की कमी से निपटने के लिए। ? ग्लूकोमीटर- रक्त शर्करा की माप करने के लिए, जो मधुमेह से प्रभावित लोगों के लिए जरूरी है।

स्टेशन पर चिकित्सा स्टाफ की तैनाती प्रयागराज जंक्शन, सुबेदारगंज, नैनी सहित प्रमुख स्टेशनों पर ऑब्जर्वेशन रूम्स स्थापित किए गए हैं, जहां निम्नलिखित स्टाफ तैनात रहेगा– ? स्टाफ नर्स- 15 ? फार्मासिस्ट- 12 ? हॉस्पिटल अटेंडेंट (एचए)- 12

? हाउस कीपिंग असिस्टेंट (एचकेए)- 15

इन कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के लिए की गई है कि सभी शिफ्ट्स में चिकित्सा सेवाएं सुचारु रूप से चलती रहें। प्रत्येक शिफ्ट का समय 8 घंटे होगा। महाकुम्भ के दौरान रेलवे स्टेशनों पर 24×7 चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। जब भी किसी यात्री को चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होगी, तुरंत उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही, रेलवे अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों से समन्वय बनाए रखेगा ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी मरीज को तुरंत रेफर किया जा सके। भारतीय रेलवे का उद्देश्य महाकुम्भ 2025 के आयोजन को सुरक्षित, स्वस्थ और यादगार बनाना है। रेलवे द्वारा की गई स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं से श्रद्धालुओं को उच्चतम स्तर की चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी, जिससे उनकी यात्रा सुरक्षित और आरामदायक रहेगी। रेलवे प्रशासन ने सभी पहलुओं पर ध्यान दिया है और यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्था की है।

## सहज योग ट्रस्ट द्वारा सहजधारा कार्यक्रम 4 को

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अध्यात्म, संगीत, नृत्य, गायन एवं साहित्य ही हमारी महान भारत भूमि की इस अमृतमयी बेला में सहज योग जबलपुर समिति, सहजयोग और विश्व निर्मलधर्म की संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी के असीम अनुकम्पा और अनंत आशीर्वाद से सहज योग ट्रस्ट जबलपुर द्वारा सहजधारा कार्यकम दिनांक 04 जनवरी 2025 को सायं 5.30 बजे से जी.सी.एफ. परेड ग्राउण्ड सतपुरा बाजार के पास जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में कुण्डलिनी जागरण, आत्मसाक्षात्कार एवं भजन संध्या (रामधुन) का भव्य अयोजन किया गया है। आप तैयार रहे सुरो के महासागर में नहाने को, एवं एक संगीतमयी धारा का आनंद प्राप्त करने के लिये, इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय भजन गायक श्री राजीव बगदादे अपनी टीम के साथ भजनों की प्रस्तुति भी देगें यह कार्यक्रम पूरी तरह से नि:शुल्क है। सहज योग ट्रस्ट द्वारा पूरे विश्व में लोगों के शारीरिक,



सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक उत्थान के लिये कार्य किया जा रहा है। कुण्डलिनी जागरण का जीवन में बहुत महत्व है। मनुष्य जीवन एक ही बार प्राप्त होता है जिसका सदुपयोग मानव को कर लेना चाहिए। सहजयोग ध्यान की एक अनोखी विधि है जो आत्मसाक्षात्कार (कुण्डलिनी ऊर्जा के जागरण) नामक एक अनुभव पर आधारित है जो प्रत्येक मनुष्य के भीतर हो सकती है।

**आई एफ एम आई एस साफ्टवेयर की त्रुटि के चलते नही हो पा रहा डी ए एरियर का भुगतान**

## आई.एफ.एम.आई.एस पोर्टल पूर्णत अपडेट किया जाय

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्षरॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा 50 प्रतिशत डी ए के आदेश तो जारी करवा दिए गए परंतु वित्त विभाग द्वारा वर्तमान समय तक आइ एफ एम आई एस सर्वर पर डीए भुगतान की व्यवस्था नहीं की गई है साफ्टवेयर में एयर आ रही है जिससे कर्मचारियों को डीए का एरियर्स का भुगतान नहीं हो पा रहा है। संगठन आयुक्त वित्त विभाग से मांग करता है की आई एफ.एम.आई.एस साफ्टवेयर अपडेट कराया जाने की व्यवस्था की जाए जिससे कर्मचारियों को समय पर डी ए का भुगतान हो सके। संघ के रॉबर्ट मॉर्टिन , जियाउरहिम, हेमंत ठाकरे, गुडविन चॉर्ल्स, राकेश श्रीवास, राजेश सहारिया, दीपेश जैन, फिलिप अन्थोनी, राजकुमार यादव, एनोस विक्टर, मनमोहन चौधरी, विनय रामजे, सुनील झारिया, उमेष ठाकुर, क्रिस्टोफर नरोन्हा, धनराज पिल्ले, रवि जैन, सुधीर पावेल, गोपीषाह, रऊफ खान, शरीफ अंसारी, कादरी अहमद अंसारी, समर सिंह ठाकुर, मनीष मिश्रा , मनीष झारिया, त्रिलोक सिंह, आर. पी. खनाल, दयाराम बेलवंशी, एस बी रजक, अनूप डाहट, निलेष खरे, महेंद्र प्रधान, योगेश ठाकरे, वीरेंद्र श्रीवास, समर सिंह ठाकुर, धर्मेन्द्र गुप्ता, चैतन्य कुषरे, विष्वनाथ सिंह, डेलन सिंह, मान सिंह मारको, चन्द्रभान, विषाल सिंह, आदेष विष्वकर्मा, आकाष भील, नितिन तिवारी, आषीष कोरी आदि ने मांग की है।

## मेगा हॉस्पिटैलिटी ट्रेड फेयर 11-12 जनवरी 2025



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य भारत के समस्त होटल व रेस्टोरेंट की हर आवश्यकता को पूरा करने हेतु एक ही छत के नीचे देशभर से 100 संस्थान इस प्रथम ट्रेड फेयर में आएंगे जिससे नए व पुराने होटल व रेस्टोरेंट को सहायता मिलेगी। होटल एंड रेस्टोरेंट वेलफेयर एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष बसंत घोड़ावत ने बताया की यह पहली बार मध्य भारत में ऐसी पहल की जा रही है, यह यह ट्रेड फेयर 11 व 12 जनवरी 2025 को होटल रॉयल आर्बिट तिलवारा जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस ट्रेड फेयर में होटल एवं रेस्टोरेंट से सम्बन्धित हर प्रकार की कंपनी, मैन्युफैक्चर, डिस्ट्रीब्यूट को बुलाया गया, क्रॉकरी कटलरी की कंपनी, फाइनेंस करने वाली संस्था हो या सॉफ्टवेयर, डेकोरेशन, मसाले, फर्नीचर, हर तरह की आवश्यकता पूर्ति के अनेक व सर्वश्रेष्ठ विकल्प उपलब्ध रहेंगे। आमजन के लिए फूड फेस्टिवल का भी एक अनूठा आयोजन किया जा रहा है जिसमें किसी भी स्टॉल पर कोई भी रेसिपी रिपीट नहीं होगी और हर स्टॉल पर उनकी पांच सर्वश्रेष्ठ डिश रहेंगे, ऐसे 20 फूड स्टॉल उपलब्ध रहेंगे जिसमें 100 अलग-अलग व्यंजन उपलब्ध रहेंगे। ट्रेड फेयर का उद्घाटन समारोह 11 जनवरी को प्रातः 11-00 बजे पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह जी द्वारा किया जाएगा वह 12 जनवरी को सुबह 11-00 बजे कलेक्टर महोदय द्वारा इनॉग्रेशन किया जाएगा। ट्रेड फेयर फूड फेस्टिवल में एंटरटेनमेंट की अनेक गतिविधियां जैसे बैंड फोक डांस इत्यादि का आयोजन किया जाएगा।

होटल एंड रेस्टोरेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष बसंत घोड़ावत द्वारा धन्यवाद ज्ञावित किया गया एवं जन सामान्य व सभी होटल रेस्टोरेंट कैफे से अपील की, कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं। उपस्थित बसंत घोड़ावत (अध्यक्ष), तनप्रीत सिंह छाबड़ा (सचिव), विनीत गोकलानी (कोषाध्यक्ष), श्री कमल ग्रोवर, श्री संदीप विजन, श्री अरुण सिंह पवार, सुश्री नीता नारंग, श्री अखिल ग्रोवर, श्री उपनीत छाबड़ा एवं अन्य मेंबर्स


## मां मुझे टैगोर बना दे का होगा मुक्ताकाशी मंचन, संपन्न होगा विद्यालय का वार्षिक उत्सव

**जिला शिक्षा अधिकारी होंगे विवेकानंद सम्मान से सम्मानित- विवेकानंद जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम- देश के सबसे चर्चित एकल नाटक का मंचन**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विवेकानंद विज्डम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने वार्षिक उत्सव और नाटक मंचन का आमंत्रण एवं विवेकानंद सम्मान के संदर्भ में जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया की दिनांक 12 जनवरी को विवेकानंद जयंती पर विविध आयोजन होने जा रहे है।अपरान्ह एक से चार बजे के बीच होने वाले आयोजनों में माननीय सांसद आशीष दुबे जी विधायक बरगी नीरज सिंह लोधी जी महापौर श्री जगत बहादुर अन्नू जी तथा नगर परिषद भेड़ाघाट अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी जी की गरिमा पूर्ण उपस्थिति रहेगी इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में श्री घनश्याम सोनी जी के सफलतम चार वर्ष पूर्ण करने पर विद्यालय अपने वार्षिक उत्सव दिनांक 12 जनवरी में विवेकानंद जयंती पर श्री सोनी जी को विवेकानंद सम्मान दिया जायेगा।उल्लेखनीय है कि जबलपुर में रंगकर्म की समृद्ध



परम्परा है और एक बड़ी संख्या नाटक देखने की शौकीन है अत: विद्यालय द्वारा जबलपुर शहर के सभी कला रसिकों को आमंत्रित किया जा रहा है कि सेकेंड फ्लाई ओवर के निकट ग्राम पंचायत बिल्हा भेड़ाघाट चौक स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पीछे स्थित इस स्कूल में दिनांक 12 जनवरी को दोपहर 1-00 से 4-00 के बीच वार्षिक उत्सव में शामिल हो। जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी।नाटक का मंचन दो बजे किया जाएगा। इसके अलावा देश में बेहद चर्चित एकल नाटक मां मुझे टैगोर बना दे का मंचन लकी गुप्ता के द्वारा किया जाएगा जिसके देश में 1500 से अधिक शो हो चुके हैं और देश के सभी प्रमुख मीडिया समूह ने इस स्थान दिया है।यह सवा घंटे का एकल नाटक बेहद मर्मस्पर्शी तरीके से छात्र जीवन के ऊहापोह को व्यक्त करता है।माता पिता और बच्चों के रिश्तों में खो चुकी संवेदना की तलाश करता है।प्रबंधन का मानना है थियेटर एजुकेशन एक सर्वोत्तम टूल है बच्चों को जिंदगी की हकीकत बताने का।यह भी दावा किया जा रहा है भावनाओं के सैलाब में इस नाटक का प्रभाव दर्शक पर यह पड़ता है कि दर्शक सोचने पर मजबूर हो जाता है।प्रबंधन ने इस आयोजन में फूड पार्टनर ए वी फन पार्क के माध्यम से स्वादिष्ट स्नेक्स की भी व्यवस्था की है। ऐसे माता पिता जो अपने बच्चों से स्टडी में मन न लगने या उनके अधिक शरारती होने से परेशान है उन्हें यह नाटक देखने सपरिवार अवश्य आना चाहिए।विद्यालय द्वारा सभी शासकीय अशासकीय विद्यालयों से अनुरोध किया गया है आपके विद्यालय में बच्चों शिक्षकों को पेरेंट्स और छात्र जीवन के मर्म स्पर्शी प्रसंगों पर आधारित इस नाटक को देखने के लिए प्रोत्साहन पत्र जारी करने का कष्ट करे।प्रवेश निशुल्क है। इस नेचर स्कूल में आयोजन के लिए बच्चों द्वारा क्राफ्ट आइटम से परिसर की आंतरिक सज्जा की जा रही है वहीं एक काव्य दीर्घा भी बनाई जा रही है।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पनागर में रात्रि में पनागर बस स्टेण्ड में वाहन चेकिंग के दौरान अधारताल तरफसे पैशन प्रो मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एम एच 3458 आती दिखी जिसमें पीले रंग की बोरी रखी थी मोटर सायकल चालक को रोकने का इशारा करने पर और तेजी से मोटर सायकल चलाते हुये भागने लगा जिसका पीछा कर रोका गया, जिसने पूछताछ पर अपना नाम सत्यम झारिया उम्र 18 वर्ष निवासी न्यू कंचनपुर अधारताल बताया तथा उक्त बोरी में शराब होना बताया, तलाशी लेने पर बोरी के अंदर 2 कार्टून में कुल 86 पाव देशी शराब रखी



# नए साल में जन्मदिन पार्टी मना रहे युवक की गोली मारकर हत्या

## आरोपियों ने कहा था जन्मदिन के दिन होगा मरणदिन

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित मोहरिया हनुमानताल में उस वक्त सनसनी फैल गई. जब अपने घर में जन्मदिन की पार्टी कर रहे युवक समीर मंसूरी की दो बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी. घर में घुसकर चलाई गई गोली से परिजनों से लेकर दोस्तों में चीख पुकार मच गई. हमलावर फायरिंग करते हुए भाग निकले. मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद हमलावरों की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है.

पुलिस अधिकारियों के मोहरिया हनुमानताल क्षेत्र में रहने वाले समीर मंसूरी उम्र 25 वर्ष का नए वर्ष के पहले दिन एक जनवरी को बर्थडे था. जिसके चलते समीर अपने परिजनों, दोस्तों के साथ घर में ही पार्टी कर रहा था. समीर केक काटने के बाद दोस्तों के साथ घर की छत पर डांस कर रहा था. इस दौरान आरिफ व सैफू नामक बदमाश आए और जिन्होने कुछ बोले बिना ही दनादन फायरिंग शुरु कर दी. सीने व पीठ में गोली लगते ही समीर वहीं गिर गया, वहीं समीर को देखते ही परिजनों से लेकर दोस्तों में चीख पुकार मच गई. परिजन उठाकर तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया.

मेडिकल अस्पताल में इलाज के दौरान समीर की मौत हो गई. आरोपियों ने जन्मदिवस के दिन ही समीर की हत्या करने की ठानी थी. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्हे पूछताछ में पता चला कि दो महीने पहले आरोपी सैफू व समीर के बीच विवाद हुआ था. इसमें समीर ने सैफू के साथ मारपीट की थी. तभी से सैफू बदला लेने की फिराक में रहा, बीती रात सैफू के दोस्त आरिफ ने उसे बताया कि समीर का जन्मदिन है. वह मोहरिया में एक किराए के मकान में दोस्तों के साथ जन्मदिन मना रहा है. यह सुनते ही सैफू ने ठान लिया कि उसी दिन समीर की मौत होगी. पुलिस ने मामले में एक आरोपी को तलाश करते हुए बंदी बना लिया है. वहीं दूसरे को पकडने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है. पुलिस का कहना है कि सैफू व आरिफ दोनों की शातिर बदमाश है जिनके खिलाफ हनुमानताल, आधारताल, गोहलपुर सहित शहर के कई अन्य थानों में गंभीर अपराध दर्ज है.

**सुबह 6 बजे आकस्मिक रूप से पहुंची निगमायुक्त ने रामपुर और अधारताल क्षेत्र के वार्डों में देखी सफाई व्यवस्था**

# शहर की सफाई व्यवस्था में कसावट लाने कड़ाके की ठंड की परवाह किये बिना फील्ड में उतरी निगमायुक्त प्रीति यादव

## वार्डों में कचरा प्रबंधन और सफाई को लेकर मुख्य स्वच्छता निरीक्षक और वार्ड सुपरवाइजर को लगाई फटकार - नोटिस जारी करने अपर आयुक्त को दिए निर्देश



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** शहर की सफाई व्यवस्था में कसावट लाने कड़ाके की ठंड की परवाह किये बिना सुबह 6 बजे ही निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव रामपुर एवं अधारताल जोन के वार्डों में पहुंची और वहां सफाई व्यवस्था देखी। व्यवस्थाओं में कमी पाये जाने पर वहां के मुख्य स्वच्छता निरीक्षक और वार्ड सुपरवाइजर को फटकार लगाई और दोनों को नोटिस जारी करने अपर आयुक्त वित्त प्रशांत गोंटिया को निर्देश दिए।

निगमायुक्त श्रीमती यादव ने पूरे स्वास्थ अमले को सख्ती के साथ हिदायत दी कि सफाई अभियान में किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग सचेत और सजग होकर सुबह से ही सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने निकलें एवं कार्य करवाएं अन्यथा कार्यवाही की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने तेवर दिखाते हुए नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्यों का निरीक्षण करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए अधिकारियों की भी ड्यूटी जोन वार लगाई गई है, वे सभी अधिकारी भी प्रतिदिन फील्ड में रहें और कार्य करवाएं।

निगमायुक्त श्रीमती यादव ने निरीक्षण के मौके पर बताया कि सफाई अभियान में कोताही बरतने वाले सभी अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

निगमायुक्त की सख्ती के बाद सभी वरिष्ठ अधिकारी भी मैदान में उतरे और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। अपर आयुक्त वी एन बाजपेई, प्रशांत गोंटिया, मनोज श्रीवास्तव, श्रीमती अंजू सिंह, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव,उपायुक्त संभव अयाची, श्रीमती अंकिता जैन, कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र मिश्रा, नवीन लोनारे, जी एस मरावी, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल, सहायक आयुक्त सुश्री अंकिता बर्मन, रचियता अवस्थी, वेद प्रकाश,सहायक यंत्री श्रीमती चेतना चौधरी,



सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, संभागीय अधिकारी चेतना चौधरी के अलावा सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

# देर रात तक रेस्टॉरेंटो में बज रहे थे डीजे, दो पर एफआईआर

## विजय नगर व गौर चौकी में कार्रवाई, मिक्सर मशीन व साउंड बॉक्स जब्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** नये साल का जश्न मनाने आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान विजय नगर व गौर चौकी क्षेत्र में तेज आवाज में डीजे बजाने पर दो रेस्टॉरेंट संचालकों व डीजे मैनेजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कार्रवाई के दौरान मिक्सर मशीन, साउंड बॉक्स, एम्प्लिफायर आदि जब्त किए गए हैं। कई स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों को लेकर हिंदूवादी संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन भी किया गया। जानकारी के अनुसार विजय नगर जीरो डिग्री स्थित पबेलो रेस्टॉरेंट में नये साल पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान फूहड़ता किए जाने का आरोप लगाते हुए हिंदूवादी संगठनों द्वारा वहाँ पहुँचकर कार्यक्रम बंद कराने हंगामा मचाया। हंगामा होने की सूचना मिलने पर विजय नगर पुलिस मौके पर पहुँची और हंगामा शांत कराया। वहीं संचालक सचिन ठाकुर द्वारा अनुमति शर्तों का उल्लंघन होना पाए जाने पर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। बिना अनुमति बज रहा था डीजे इसी तरह गौर चौकी क्षेत्र स्थित द बार फ्लाई रेस्टॉरेंट में नये वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में देर रात तक तेज आवाज में साउंड बजाया जा रहा था। क्षेत्रीय लोगों द्वारा इसकी शिकायत किए जाने पर पुलिस मौके पर पहुँची। इस दौरान संचालक रोहित लखवानी से कार्यक्रम की प्रशासनिक अनुमति के दस्तावेज माँगे गए, लेकिन दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। जिसके बाद पुलिस ने कार्यक्रम बंद कराया और संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मौके से मिक्सर मशीन, साउंड बॉक्स आदि सामग्री जब्त की। ड्रिंक एंड ड्राइव के 30 मामले नये वर्ष की पूर्व संध्या पर शहर व शहर प्रवेश सीमाओं पर पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर नजर रखी जा रही थी। देर रात चली जाँच के दौरान दोपहिया व चारपहिया वाहनों की चैकिंग की गई और नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की ब्रीथ एनालाइजर से जाँच की गई। इस दौरान 30 से अधिक वाहन चालकों के खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले दर्ज किए गए।

## रुपयों की मांग कर मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना हनुमानताल में रात्रि बबलू मोहम्मद उम्र 26 वर्ष निवासी झल्लू होटल के पास हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पेंटिंग का काम करता है दिनांक 1-1-25 की रात लगभग 8-30 बजे उसको झल्लू होटल मैदान के सामने हसीब हकला मिला जो उससे शराब पीने के लिये रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो हसीब हकला उसके साथ गाली गलौज करते हुये

# पुरानी रंजिश पर मारपीट करने वाले आरोपियों के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज

## एक आरोपी तलवार नुमा चाकू के साथ गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना केण्ट में दिनांक 1-1-25 की रात्रि में मारपीट में घायल को उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को सुजल वर्से उम्र 20 वर्ष निवासी संजय नगर, मोदीबाड़ा ने बताया कि वह पढ़ाई करता है दिनांक 1-1-25 को रात लगभग 8 बजे वह टीव्ही देख रहा था तभी उसके घर के बाहर पौआ पासी, भोलू रानू, श्यामू पासी, गाली गलौज कर रहे थे, उसके पापा सूरज वर्से ने उन्हें गालियां देने से मना किया तो पापा के साथ मारपीट करने लगे,

वह एवं उसकी बहन शिवानी गौतेल घर के बाहर निकलकर देखे पौआ पासी, भोलू रानू, श्यामू पासी, अनिकेत, निखिल पासी उसके पापा के साथ मारपीट कर रहे थे, वह एवं उसकी बहन बीच बचाव करने लगे तो सभी हम लोगों के साथ भी मारपीट करने लगे, भोलू रानू, श्यामु पासी ने उसको पकड़ा और पौआ पासी ने जान से मारने की नियत से चाकू से हमलाकर वायीं जांघ में चोट पहुँचा दी, पुलिस आ गई चिल्लाये तो सभी वहां से भाग गये। पौआ पासी ने पुरानी रंजिश को लेकर अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर जान से मारने की नियत से हमला किया है। रिपोर्ट पर धारा 296, 109, 191 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों की तलाश हेतु टीमें लगाई गईं एक आरोपी निखिल पासी उम्र 22 वर्ष निवासी बागड़ी मोहल्ला को बागड़ी मोहल्ला में घेराबंदी कर तलवार नुमा चाकू के साथ पकड़ा गया

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 95/2024-25 दिनांक 02/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती नीता गुप्ता, पति- श्री आशीष कुमार गुप्ता** के द्वारा **वार्ड क्रं. 73 भगवान परशुराम वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1003914931 के पंजीकृत स्वामी श्री गौरव साहू, पिता- श्री विजय भानु साहू, के नाम से दर्ज खसरा नं. 541/6 का पार्ट का दर्ज खुली भूमि रकवा 1680 व.फु., जिसका मौजा करमेता खसरा नं. 541/18 नया का विक्रय रकवा 562 व.फु., उस पर निर्मित तल मंजिल 562 व.फु., एवं प्रथम मंजिल 338 व.फु., **विक्रय/क्रय** , संपत्ति **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र,संपत्ति लेजर रिपोर्ट, आधार कार्ड, एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व ) संभाग क्रमांक 15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 94/2024-25 दिनांक 02/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री महेश प्रसाद बर्मन, पिता श्री बंशु राम बर्मन** के द्वारा **वार्ड क्रं. 77 संत रविदास वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000459666 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती कृष्णा मिश्रा, पति- श्री मोहन लाल मिश्रा, के नाम से दर्ज निर्मित तल मंजिल 750 व.फु., जिसका मौजा सुहागी खसरा नं. 34 का भाग नामांतरण पश्चात् 34/7 का कुल प्लाट रकवा 1000 व.फु., उस पर निर्मित तल मंजिल 750 व.फु., अतिरिक्त निर्माण 350 व.फु., कुल 1000 व.फु., **विक्रय/क्रय** , संपत्ति **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र,संपत्ति लेजर रिपोर्ट, आधार कार्ड, टैक्स रसीद एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व ) संभाग क्रमांक 15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 153 2024-2025 दिनांक 02/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती हसीना बेगम, पति- श्री मोहम्मद सईय** ने भवन क्रंमाक 4200/ 7 ए.बी. संपत्ति कर/ पिन नं. 1000444083 जलकर पिन नं. 2361960, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री जगदीश चंद्र जायसवाल, पिता- श्याम लाल जायसवाल, **वार्ड शहीद अब्दुल हमीद, वार्ड** , विक्रय प्लाट रकवा 750 व.फु., निर्मित भूतल 750 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 750 व.फु. आर.सी.सी., , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 151 2024-2025 दिनांक 02/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती मुन्नी चक्रवर्ती, पति- श्री दीनू प्रसाद चक्रवर्ती** ने खसरा नं. 159 पुराना, नया 159/1/8/1 का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 1000365922 जलकर पिन नं.........., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री अमर सिंह लोधी/ स्व. श्री दादूराम लोधी, **वार्ड शहीद अब्दुल हमीद, वार्ड** , विक्रय प्लाट रकवा 660 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .86 दिनांक - 31/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री संकेत जैन, पिता मुकेश कुमार जैन ,2. श्री सरस जैन, पिता- रमेश कुमार जैन** ने भवन क्रं. 961 **वार्ड महात्मा गांधी वार्ड,** क्षेत्रफल 781 व.फु., भूतल 200 व.फु. व्यावसायिक , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 961 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्रीमती ममता शर्मा, पति- राजेन्द्र शर्मा, भवन क्रं. 961 पिन नं. 41301225/ 1000368503 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .85 दिनांक - 31/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री जय कुमार सोहाने, पिता- स्व. श्री उमाकांत सोहाने** ने भवन क्रं. 846 का भाग **वार्ड महात्मा गांधी वार्ड,** क्षेत्रफल 277 व.फु., भूतल 125 व.फु. व्या. , प्रथमतल 277 व.फु. आवासीय, द्वितीयतल 277 व.फु. आ., **दानपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 846 का भाग पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्रीमती माया रानी सोहाने एवं किरण रानी सोहाने, भवन क्रं. 846 का भाग पिन नं. 42000914/ 1000370181 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .81 दिनांक - 01/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री पंकज कुमार जैन, पिता- कस्तूर चंद जैन** ने भवन क्रं. 664 **वार्ड जवाहरगंज वार्ड,** क्षेत्रफल 471 व.फु., भूतल 471 व.फु. व्या. , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 664 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्री जी. एसोसियेटस, भवन क्रं. 664 पिन नं. 1004259242/ ....... पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/241 2024-25 दिनांक 02/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000503548 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री अशोक मरवाहा एवं उषा मरवाहा** के स्थान पर आवेदक **श्री आशीष कुमार साह, पिता- श्री प्रताप नारायण साह एवं पूजा रानी साह, पिता श्री प्रताप नारायण साह,** ने **मकान नं. फ्लेट नं. 102 सुप्रीम कैसल अपार्टमेंट वार्ड क्र.-14, ...................... वार्ड,** प्रथमतल 900 व.फु., **पंजीकृत विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/240 2024-25 दिनांक 02/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000504418 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती संध्या बावा, पति- स्व. श्री कश्मीर सिंह बावा** के स्थान पर आवेदक **श्री तल्लीन सिंह बाबा, पिता- स्व. श्री के.एस.बावा** ने **मकान नं. 644 वार्ड क्र.-14, ...................... वार्ड,** क्षेत्रफल 3240 व.फु., भूतल 1492 व.फु., प्रथमतल 1804 व.फु., द्वितीयतल 1315 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/239 2024-25 दिनांक 02/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000504418 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती संध्या बावा, पति- स्व. श्री कश्मीर सिंह बावा** के स्थान पर आवेदक **श्री तल्लीन सिंह बाबा, पिता- स्व. श्री के.एस.बावा** ने **मकान नं. 644 वार्ड क्र.-14, ...................... वार्ड,** क्षेत्रफल 2160 व.फु., भूतल 627 व.फु., प्रथमतल 1441 व.फु., द्वितीयतल 1441 व.फु., तृतीयतल 250 व.फु., **बटवारानामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 330 दिनांक 02.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती अलका चौधरी, पति- श्री राजेश चौधरी** ने मकान नं. प्लाट नं. 06 , सम्पत्ति पिन नं. 1001811700, **वार्ड कमला नेहरू वार्ड** , क्षेत्रफल 1300 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 328 दिनांक 02.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती रजनी विश्वकर्मा, पति- श्री संजय कुमार विश्वकर्मा,** ने मकान नं. 2334/2 , सम्पत्ति पिन नं. 1000493963, **वार्ड मदन महल वार्ड** , क्षेत्रफल 525 व.फु., भूतल 375 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 327 दिनांक 02.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती प्रेमलता साहू, पति- गणेश प्रसाद साहू ,** ने मकान नं. 2334 का भाग , सम्पत्ति पिन नं. 1000494577, **वार्ड मदन महल वार्ड** , क्षेत्रफल 400 व.फु., भूतल 264 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 326 दिनांक 02.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती आरती साहू, पति- श्री महेन्द्र साहू ,** ने मकान नं. 2334 , सम्पत्ति पिन नं. 1004329128, **वार्ड मदन महल वार्ड** , क्षेत्रफल 400 व.फु., भूतल 265 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999